हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 24 मई 2025

तापमान
अधिकतम 33.8 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

शहर में सफाई का कार्य ठप कर्मियों को नहीं मिला वेतन 10



शिविर में 486 आवेदनों का किया गया निराकरण 10





भव्य शुभारंभ
के अवसर पर पधारे अतिथियों एवं हमें सेवा का अवसर देने वाले ग्राहको का
आभार



ओम ज्वेलर्स
916(22c), 833(20c), 750(18c) ऑल वैरायटी उपलब्ध
शॉप नं. 64-B, इंदिरा मार्केट, दुर्ग (छ.ग.)
जितना सोना... उतना चाँदी फ्री...
रानी हार, कुंदन ज्वलेरी, चुड़ी सेट, माथे का टीका कमरबंद, अंगुठी, बालिया, बाजुबंद, पायल, झुमका नेकलेश व हालमार्क की सभी ऑल वैरायटी उपलब्ध
50% की छूट मेकिंग चार्ज में
हर 10,000/- की खरीदी पर चांदी की मुर्ति फ्री
ज्वेलरी की रिपेयरिंग में त्वरित सेवायें हमारे द्वारा पायें
किसी भी जेवर का भुगतान घर से करने की सुविधा ➡ चेक पेमेंट सुविधा ➡ ऑल कार्ड ऑनलाईन पेमेंट भुगतान करने की सुविधा

## खबर संक्षेप

### गांजा बेचने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे



**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। क्राइम डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बस स्टैण्ड दुर्ग के पास में अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना मिली। मौके पर कोतवाली दुर्ग पुलिस पहुंचकर दबिश दिया। जहां से पुलिस ने सौरभ पाण्डेय नामक युवक गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 7 से 8 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में उक्त कार्रवाई में सउनि पूरनदास, आरक्षक थॉमसन पीटर, विकास तिवारी की भूमिका अह्म रही है। इधर गांजा तस्करी एक अन्य मामले में आरोपी के पास से पुलिस ने 1 किलो 360 ग्राम गंजा जब्त किया है। डीएसपी क्राइम अजय सिंह ने बताया कि एन्टी क्राईम व सायबर यूनिट दुर्ग, पुलगॉव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नितेश कुर्रे नामक युवक को एक्टीवा में गांजा रखकर बेचते पकड़ा है। घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। गांजा की कीमत 9 हजार रुपए आंकी गई है।

### खाते से 5 लाख गायब

**भिलाई।** बैंक खाते से रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया नेवई पुलिस ने बताया कि रूआबांधा, भाठा पारा बोरसी निवासी शेखर वर्मा ने शिकायत किया है कि स्टेशन मरोदा गुरूवार बाजार सब्जी खरीदने गया था। जहां अज्ञात ने मोबाइल पार कर दिया। जिसमें जिओ व एयरटेल का सिम लगा हुआ था। 16 मई को दोबारा अपना सिम चालू किया। बैंक खाते से पैसा कटना शुरु हो गया। मोबाइल पर मैसेज आया कि अज्ञात ने 5 लाख 99 हजार 999 रुपए निकाल लिया। अज्ञात ने मोबाईल का दुरूपयोग कर मोबाईल में इस्टाल फोन पे से खाते की रकम को निकाल लिया।

### पंथी चौक से हटाए दो दर्जन से अधिक कब्जे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत बुधवार को तीसरे दिन भी दो दर्जन से अधिक कब्जे हटाए गए। पंथी चौक से तीन ठेले जप्त किए गए। ट्रैफिक सुगम व दुर्घटना



रोकथाम के लिए बेदखली कार्यवाही में पंथी चौक, डीपीएस चौक, आजाद मार्केट चौक और सेक्टर क्षेत्र को विशेष रूप से लक्षित किया गया। अभियान के दौरान टीआई ट्रैफिक पुलिस रमेश कुमार निषाद सहित पुलिस जवान उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की सिंदूर शौर्य यात्रा आज

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच दुर्ग जिला के तत्वाधान में सिंदूर शौर्य यात्रा एवं सभा का आयोजन किया जाना है, यह आपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता से संपूर्ण भारतीय समाज गौरवान्वित है। उनका उत्साहवर्धन करने सिंदूर शौर्य यात्रा का आयोजन 24 मई को किया गया है। राजेंद्र पार्क दुर्ग में सभा 4 बजे से प्रारम्भ होगा।

### आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार का शिक्षा माफियाओं ने निकाला नया तोड़

# आरटीई में नया खेल...निगम का जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जारी कर प्रवेश

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

राज्य ने वास्तविक गरीब बच्चों को आरटीई में दाखिला दिलाने के लिए इस बार आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार किया है लेकिन शिक्षा माफियाओं ने इसका भी तोड़ निकाल लिया। इस बार निगम का जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जारी कर प्रवेश दिलवा लिया। इस सर्टिफिकेट को जिस बच्चे के पालक के नाम पर जारी किया गया है वह सरकारी विभाग के बीपीएल सर्वे सूची के बेव पोर्टल में दर्ज ही नहीं है। यानी पोर्टल में किसी दूसरे व्यक्ति का नाम है। सर्वे सूची ऑनलाइन उपलब्ध है।

**पहले चरण में हुआ है बच्चों का चयनः** आरटीई में वर्ष 2025-26 के लिए दुर्ग जिले में 4278 सीटों को भरने के लिए दुर्बल वर्ग के बच्चों से आवेदन मंगवाए गए थे। इन सीटों के लिए 10532 आवेदन आए थे। लाटरी सिस्टम से पहले चरण की लाटरी निकाली गई। जिसमें 3297 बच्चों का चयन पहले चरण के लिए हुआ है।

### जिले में पहले चरण में 3297 बच्चों का प्रवेश के लिए लॉटरी सिस्टम से हुआ है चयन

### इन मामलों से समझिए जाली वेरीफिकेशन का मामला




#### सत्यापन प्रमाण पत्र में निगम का सील और अधिकारी के हस्ताक्षर

आरटीई में बीपीएल सर्वे सूची 2007-08 के आधार पर दुर्बल वर्ग के बच्चों के आवेदन लिए गए और लाटरी सिस्टम से उनका चयन हुआ। नियम के हिसाब से बीपीएल सर्वे सूची में नाम है या नहीं इसका सत्यापन संबंधित नगर निगम से होता है। जो सत्यापन प्रमाण पत्र जारी हुए हैं उसमें भिलाई निगम का सील व राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। ये जाली इसलिए हैं क्यों कि जिले के वेबपोर्टल में जिस नाम से सत्यापन प्रमाण पत्र जारी किया गया है उसमें अन्य व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं। इससे जाहिर होता है कि माफियाओं ने आवेदकों से मिलीभगत कर नकली सर्टिफिकेट जारी कर दिया।

**केस 1**
आरटीई क्रमांक 202500797039 के आवेदन पर जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक 10250 लिखा गया है और उसमें नाम फनेश्वर चंदेल दर्ज है। जबकि जिले के वेब पोर्टल के अनुसार दर्ज नाम बुधियारिन है।

**केस 2**
आरटीई क्रमांक 202500815966 के आवेदन पर जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक 14385 है। इस सत्यापन प्रमाण पत्र में प्रदीप कुमार भगत लिखा गया है। वहीं जिले के वेब पोर्टल में नरोत्तम/ श्यामलाल का नाम उल्लेखित है।

**केस 3**
आरटीई क्रमांक 202500815160 के आवेदन के आधार पर जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक 795 है। इस सत्यापन प्रमाण पत्र में जितेंद्र कुमार साहू लिखा गया है। जिले के वेब पोर्टल में दिलीप साहू/ बरातू साहू का नाम उल्लेख है।

**केस 4**
आरटीई क्रमांक 202500820403 के आवेदन पर जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक 13351 है। इस सत्यापन प्रमाण पत्र में भूषण रामपाल लिखा गया है। जिले के वेब पोर्टल में सुरेश कुमार/ पुनीत राम का नाम का उल्लेख है।

**केस 5**
आरटीई क्रमांक 202500814519 के आवेदन पर जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक 16012 है। इस सत्यापन प्रमाण पत्र में तामेश्वरी सेन लिखा गया है जबकि जिले के वेव पोर्टल से मिलान करने पर वहां नाम सूरजवली/ पितुराम का नाम है।

**केस 6**
आरटीई क्रमांक 20250081598 के आवेदन पर जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक 12613 है। इस सत्यापन प्रमाण पत्र जारी हुआ है जिसमें शैलेंद्र कुमार साहू लिखा हुआ है। जिले के वेब पोर्टल से मिलान करने पर नाम संजय वर्मा/ रमेश वर्मा मिला।

**केस 7**
आरटीई क्रमांक 202500818121 के आवेदन पर जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक 12257 हैं। इस सत्यापन पत्र जारी हुआ है उसमें मिनेश कुमार साहू लिखा गया है। जिले के वेब पोर्टल से मिलान करने पर नाम रूकबुद्दीन / सायरा है।

नोट- ये उदाहरण हैं। इस तरह के और भी कई मामले हैं। जो जांच से खुलासा हो सकता है।

#### “ संज्ञान में अभी आया है, जोन आयुक्त को निर्देश

बीपीएल सर्वे सूची के आधार पर आरटीई में प्रवेश के लिए सत्यापन प्रमाण पत्र हमारा निगम जारी करता है। यदि कोई जाली सत्यापन प्रमाण पत्र जारी किया है तो यह आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। जोन आयुक्त को समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।
-राजीव कुमार पांडेय, आयुक्त नगर निगम भिलाई

### संचालक समेत तीन गिरफ्तार

# पाटन के सिन्हा मेडिकल से चल रहा था नशीली दवा का बड़ा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नशीली दवाओं का गोरखधंधा जिले में लंबे समय से फलफूल रहा है। पुलिस और खाद्य एवं औषधि विभाग की जांच अब तक खानापूर्ति साबित हुई थी। इस बीच उतई पुलिस को एक बड़ी लिंक मिली कि पाटन के सिन्हा मेडिकल से नशीली दवाओं का एक बड़ा रैकेट सक्रिय है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर मामले में दवा दुकान के संचालक गोवर्धन सिन्हा सहित दो अन्य को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 8 22(क), 27(क) एनडीपीएस एक्ट 1985के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। एएसपी सुखनंदन राठौर और एसडीओपी अनूप लकड़ा ने इस पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उतई पुलिस को मुखबिर ने सूचना मिली कि सेलूद से पाटन जाने के मार्ग पर मानिकचौरी मोड़ के पास दो युवक नशीली दवा का कारोबार कर रहे हैं। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और दबिश देकर एक्टिवा सीजी 10 बीसी 6508 सवार युवकों को पकड़ा। उनसे पूछताछ शुरू हुई। आरोपियों बठेना पाटन निवासी कृष्णा यादव, घुघवा पाटन अजय यादव ने पूरे मामले का खुलासा किया।

■ उतई पुलिस ने किया मामला का भंडाफोड़

#### इडली दोसा बेचने वाला है मास्टर माइंड

आरोपी युवकों से जब पुलिस ने से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि पाटन स्थित पुराना बस स्टैण्ड मे इटली-दोसा बनाने वाले राजनांदगांव निवासी मनोज डोंगरे नशीली दवा की सप्लाई की जाती है। पुलिस को मनोज ने बताया कि पाटन पुराना बस स्टैण्ड में स्थित सिन्हा मेडिकल स्टोर्स से प्रतिबंधित नशीली दवा खरीद कर मुनाफे के लालच में कृष्णा यादव, अजय यादव को सप्लाई करता था। मनोज डोंगरें के पास से नशे में इस्तेमाल होने वाले 20 नग टेबलेट जब्त किए गए।

#### प्रॉक्सिवन और अल्पाजोलम टेबलेट्स मिलीं

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर कृष्णा यादव के पास से पुलिस ने बैग के भीतर नशे की दवा प्रॉक्सिवन 40 रैपर कुल 960 नग कैप्सुल और अल्पाजोलम टेबलेट जब्त किया गया। आरोपियों से 300 रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। अजय यादव के पास से पुलिस ने 10 रेपर में 240 नग, 38 नग टेबलेट नशे का बरामद किया। नगदी रकम 500 रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। ड्रग इंस्पेक्टर जागेश्वरी साहू को सूचना से अवगत कराया गया। ड्रग इंस्पेक्टर के साथ मिलकर सिन्हा मेडिकल स्टोर्स पाटन में दबिश दी गई। जहां गोवर्धन सिन्हा ने कारोबार करना स्वीकार किया। मेडिकल स्टोर्स से 300 नग नशे का टेबलेट और 2000 रुपए नगदी बरामद किया है। उक्त सामानों की कीमत 79 हजार 499 रुपए आंकी गई है। इस दौरान डीएसपी क्राइम अजय सिंह व उतई थनाा प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# उरला से देह व्यापार के मामले में मकान मालकिन सहित दो संदिग्ध पुरुष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर उरला में देह व्यापार संचालित करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने मकान मालकिन शशि उपाध्याय, जसप्रीत सिंह, लखन सिंह को गिरफ्तार किया। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 की धारा 3,4,5,7 पीटा एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि जयंती नगर मोहन नगर दुर्ग स्थित मकान की मालकिन द्वारा देह व्यापार का कारोबार कराया जा रहा था। पुलिस टीम गठित कर प्वाइंटर नियुक्त कर मकान में भेजा गया। मकान मालकीन शशि उपाध्याय की तलाशी लिए जाने पर आपत्तिजनक सामग्री, नगदी रकम 12 हजार रुपये, मोबाईल, 500-500 रूपये के 2 नोट जब्त किया।

■ मोहन नगर पुलिस की कार्रवाई आरोपी भेजे गए जेल



#### लंबे समय से चल रहा था देह व्यापार, लोगों ने की शिकायत

मकान के कमरे की तलाशी लेने पर कस्टमर संतराबाड़ी दुर्ग निवासी जसप्रीत सिंह, जयंती नगर दुर्ग लखन सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से भी कई आपत्तिजनक सामान जब्त किए गए है।मकान मालकीन शशि उपाध्याय से पूछताछ करने पर देह व्यापार का कारोबार करना स्वीकार किया। यह अवैध कारोबार यहां लंबे समय से चल रहा था। इस दौरान एएसपी पद्मश्री तंवर, क्राइम डीएसपी अजय सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। कार्रवाई में मोहन नगर टीआई केशवराम कोशले समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# बलिया से शादी के लिए आई दुल्हन ने फेरे से पहले लॉज में लगाई फांसी

### पावर हाउस के आधुनिक लॉज में ठहरा था परिवार, छावनी पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शादी के लिए बलिया से आई दुल्हन ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतका का नाम पूजा कुमारी बताया गया है। उसका शव पावर हाउस स्थित आधुनिक लॉज के बाथरूम में फांसी पर झूलते पाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए भेज गया। छावनी पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार की सुबह की है। पूजा अपने पूरे परिवार के साथ दो दिन पहले भिलाई आई थी। पूजा की शादी शुक्रवार को ही होनी थी, इसकी पूरी तैयारियां हो चुकी थी। शुक्रवार को ही फेरे लगने थे। पूजा के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि लॉज में दो दिन से शादी की रस्में चल रही थी। हल्दी से लेकर तेल माटी तक का कार्यक्रम हुआ। फांसी क्यों और किस कारण लगाई कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों से पूछताछ में कुछ खास जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने बताया कि शादी होने से युवती मानसिक रुप से परेशानी से जूझ रही थी।



#### पुलिस कर रही है जांच

पुलिस मृतका पूजा कुमारी के फांसी मामले में परिजनों से पूछताछ कर रही है। अब तक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक मृतका का मानसिक संतुलन सही नहीं था। बलिया के आने के बाद से उसकी तबीयत भी खराब थी। परिजनों के बीच शादी का माहौल होने की वजह से सभी रिश्तेदारों से पूछताछ नहीं हो पाई है। पुलिस आत्महत्या का असली कारण जानने का प्रयास कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा।

# बहू के ऊपर प्राणघातक हमला करने वाले जेठ को सात वर्ष सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पंचम सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार ने पारिवारिक विवाद के चलते प्राणघातक हमले के मामले में दोषसिद्ध पाए जाने के बाद आरोपी जेठ को 7 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक नंदिनी चंद्रवंशी ने पैरवी की। न्यायालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंडा थाने के उपनिरीक्षक तुलसीराम साहू को 15 अक्टूबर 2023 को सूचना मिली कि जिला अस्पताल दुर्ग में राखी देशलहरा पति महेन्द्र कुमार देशलहरा उम्र 25 वर्ष ग्राम रनचिरई को गंभीर अवस्था में दुर्ग जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अंडा पुलिस ने इस मामले में डॉक्टरी परीक्षण के बाद केस दर्ज किया। आरोपी मानते हुए केशवराम देशलहरे पिता बर्शनलाल देशलहरे 35 वर्ष ग्राम रनचिरई सतनामपारा वार्ड नं-02 को गिरफ्तार कर मामले को विचारण के लिए दुर्ग कोर्ट में प्रस्तुत किया। विचारण उपरान्त अपर पंचम सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार कोसले ने गवाहों के बयानों और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य को प्रमाणित मानते हुए आरोपी केशवराम देशलहरे पिता बर्शनलाल देशलहरे को धारा 307 व 27(2) आयुध अधिनियम के तहत 7 वर्ष सश्रम कारावास व 25(1) के तहत दो वर्ष सश्रम कारावास सहित 100 रुपए का अर्थदंड पारित किया है। हमलावार रिश्ते में पीड़िता का जेठ बताया गया है। पीड़िता राखी देशलहरे का उपचार हुआ था।

■ न्यायाधीश दीपक कुमार के कोर्ट से आया फैसला

### भिलाई-3 में मवेशी से टकराया

# सीए स्टूडेंट की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



फोरलेन पर मवेशियों की समस्या सुधरने का नाम नहीं ले रही है। हाई कोर्ट की फटकार और आदेश के बाद भी हाईवे पर मवेशियों का जमघट लगा रहा था। इसी वजह से हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक पदुमनगर भिलाई-तीन निवासी यशु कुमार साहू (22 वर्ष) बताया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक बुलेट में सवार होकर जा रहा था, तब यह हादसा हुआ। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि यश घर से उर्स पाक का मेला घूमने मस्जिद की ओर जा रहा था। यश सड़क पर बैठे मवेशी से टकराकर गिर पड़ा। उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक यश कुमार साहू सीए अंतिम वर्ष का छात्र था। उसके पिता अमन लाल साहू फर्नीचर के कारोबारी हैं। यश का छोटा भाई अभिषेक हायर सेकंडरी में पढ़ाई करता है। बताया जा रहा है कि भिलाई -3 में तीन दिवसीय उर्स पाक कार्यक्रम मनाया जा रहा है। मस्जिद से लेकर मिनी स्टेडियम तक मेला लगा हुआ है। यश घर से बुलेट लेकर निकल रहा था तो पिता अमन लाल साहू ने उसे खाना खाकर जाने की सलाह दी थी। लेकिन यश थोड़ी देर घूमकर आने की बात कहकर मेला देखने आ रहा था। तब हादसे का शिकार यश हो गया।

# ठगी का आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**भिलाई।** सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ रुपए का ठगी



करने वाले प्रेमजीत शर्मा को पुलिस ने पटना बिहार से गिरफ्तार किया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुपेला निवासी जसमिंदर सिंग दिघवा वर्ष 2017 में संजीवीटी इंटरप्राइजेस लिमिटेड मुम्बई के संचालक प्रेमजीत शर्मा के साथ व्यवसायिक वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से संपर्क में आया। नेपाल में सोलर स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट लगाने के नाम पर 1.50 करोड़ निवेश कराया गया। पीड़ित द्वारा रकम निवेश करने के बाद अधिक बारिश होने के कारण नेपाल में सोलर स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट बंद होने और नाइजीरिया में नये सोलर स्ट्रीट लाइट का अनुबंध होने को लेकर आरोपी प्रेमजीत शर्मा ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भेजा। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरूविंदर सिंग संधु समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# केंद्रीय जेल में कैदी बना रहे एलईडी बल्ब, हर माह मिल रही मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जेल में सजा काट रहे कैदी अब रोजगार की दिशा में छनकर निकलेंगे। केन्द्रिय जेल में कैदी इन दिनों एलईडी बल्ब बनाकर रोजगार की दिशा में आग बढ रहे है, जेल प्रशासन का यह कार्य अन्य जिलों के लिए प्रेरणा श्रोत बन गया है। कैदी बल्ब तैयार करने के बाद इसे बाजार में अच्छे दाम पर बेचने की तैयारी भी है। जिसकी मजदूरी राशि कैदियों को हर माह दिया जाएगा।

दुर्ग केंद्रीय जेल में सबसे पहले एक्सपर्ट के जरिए दस लोगों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिसके बाद अब तक करीब पांच सौ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कम लागत वाले इस विधा के लिए जेल प्रशासन खुद ही आगे चलकर इन्हें रोजगारपरक बनाने में जूटा हैं। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर बताते है कि, जेल में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि, बंदी सिर्फ सजा न काटें, बल्कि समाज में लौटकर एक स्वावलंबी नागरिक बनें। जेल में बंदियों को बल्ब बनाने का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का असर अब साफ दिखने लगा है कि, बंदी हर दिन सैकड़ों की संख्या में बल्ब तैयार कर रहे हैं और वे अब केवल सीख नहीं रहे, बल्कि गुणवत्ता के साथ उत्पादन भी कर रहे हैं। बनाए गए बल्बों को स्थानीय बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे बंदियों को प्रैक्टिकल अनुभव मिल रहा है।

### आत्मनिर्भर की दिशा में बढ़ रहे आगे

इस योजना ने जेल की पारंपरिक छवि को पूरी तरह बदल दिया है। अब यह केवल सजा देने वाली जगह नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास का संस्थान बन चुकी है। यह बदलाव समाज को एक नया संदेश दे रहा है। बंदियों के परिवारों का रवैय्या भी बदला है। अब उन्हें लगने लगा है कि, उनके प्रियजन बदलाव की राह पर हैं। यह पहल उनके लिए नई शुरुआत और सामाजिक पुनः स्वीकार्यता की उम्मीद लेकर आई हैं।

## केंद्रीय जेल दुर्ग के कैदियों के हाथों से बने बल्ब से जेल परिसर भी हो रहा है रौशन, बाजार में बढ़ी बल्ब की डिमांड



### कैदियों के कपड़े भी वे ही बना रहे

जेल प्रशासन की माने तो केन्द्रिय जेल में कैदियों के लिए बनने वाले कपडे वे खुद ही तैयार करते है। बल्ब के आलावा यहां मैन्युफैक्चरिंग, स्कील डेव्लपमेंट सिखाया जा रहा है। जिसमें लघु लौह उद्योग, प्रिटिंग प्रेस, हैंडलूम, वस्त्र निर्माण, सिलाई के आलावा वर्तमान में सरसों तेल का लद्यु उद्योग का कार्य भी शुरू किया गया है।

### अच्छी रूचि



जेल प्रशासन का उछेश्य कैदियों को सजा कांटने के बाद रोजगारपरक बनाना है। जेल में बल्ब ही नही बल्कि, दर्जनभर से अधिक ट्रैड से भी पारंगत किया जा रहा है।

**-मनीष संभाकर**, जेल अधीक्षक दुर्ग

## खबर संक्षेप



### अधिष्ठाता डॉ. चौधरी को पिछड़ा वर्ग ने दी बधाई

**अंडा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने कैंसर विभाग में पहुंचकर बधाई दी। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि आपने डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल का नाम रोशन किया है आपने कैंसर के इलाज का हब बना दिया है। निश्चित रूप से अधिकांश मरीज ठीक होकर जा रहे हैं। इस अवसर पर अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉक्टर अनिल बघेल, सर्जरी विभाग के अधीक्षक मंजू सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, पिछड़ा वर्ग के युवा प्रदेश महासचिव अमर सिंह कुशवाहा, श्रेयस बैरागढ़े, दिनेश करढ़भुजे, सत्यम श्रीवास्तव, दिनेश सोनकर, राजेश वैष्णव, जाहिद कुरैशी, अनिल पुरैना, हरि साहू आदि अनेक कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे और हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### नपं पाटन के नेता प्रतिपक्ष नियुक्त हुए आभाष



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में वॉर्ड क्रमांक 8 के पार्षद आभाष दुबे नेता प्रतिपक्ष और वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद दीपक यादव उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान आशीष वर्मा, राकेश ठाकुर जिला अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण, हेमंत देवांगन, पुरूषोतम कश्यप, मनोज कुर्रे, बिरेंद्र कौशिक, कमल किशोर वर्मा, लीलाधर वर्मा, नीरज सोनी, प्रशांत शुक्ला, गोविन्द निषाद, अमृत राजपूत, दिनेश शर्मा, युवराज साहू, प्रदीप वर्मा, गोपाल देवांगन, युवराज साहू, श्रीं कांत देवांगन सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### कुम्हारी भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**कुम्हारी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के सम्मान के लिए शुक्रवार को कुम्हारी भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बाजार चौक गांधी चौरा वार्ड-5 से प्रारंभ हुई। जहां बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक हाथों में तिरंगा झंडा लिए एकत्र हुए। यात्रा बाजार चौक से प्रारम्भ होकर प्रभात चौक होते हुए स्टेशन चौक ब्रिज के नीचे समाप्त हुई। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। भाजपा मंडल ने ऑपरेशन सिंदूर में देश की सुरक्षा के लिए अदम्य साहस दिखाने वाले जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस यात्रा में नपाप अध्यक्ष मीना वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पार्षद उमाकांत साहू, हरिदास वैष्णव, अश्वनी देशलहरे, ओंकार मारकंडे, पी एन दुबे, रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, उमेश ध्रुव, फिगेश्वर साहू, आरपी गुप्ता, जेपी बैस, गौरव पटेल, छबि यादव, धानेश्वर सोनकर, खिलेश्वरी सोनकर, प्रभा साहू, सुधा स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

### राज्य शासन के निर्देश के बाद भी समूहों को होगा कार्य आवंटन

# निगम से छिना क्लीन सिटी का संचालन महिला समूहों को मिलेगा सफाई का काम

*मिशन क्लीन सिटी में मनमानी भर्ती और खजाने में सेंध लगाने के मसले को राज्य शासन ने भांप लिया है। राज्य शासन ने एक निर्देश जारी कर नगरनिगम से अब डायरेक्टर मिशन क्लीन सिटी में कार्य कराने का अधिकार छिन लिया है। शासन द्वारा अब मिशन क्लीन सिटी का कार्य महिला समूहों के जरिए संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया हैं। राज्य शासन के इस आदेश के यहां आने के बाद निगम महकमे में खलबली मच गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मिशन क्लीन सिटी वर्ष 2017 से लागू है। इसके गाइडलाइन में यह तय है कि, इसका संचालन महिला समूहों द्वारा किया जाना है। लेकिन इसके बाद भी अब तक नगरनिगम के नौकरशाहों के नेतृत्व में यह कार्य डायरेक्ट हो रहा था। यही कारण है कि, एमसीसी में मनमानी कर्मचारियों की भर्ती कर लाखों रूपए के वेतन का वारा न्यारा किया जा रहा था। मिशन के आड में अघोषित तौर पर यह कुछ लोगों के लिए भ्रष्टाचार का चारागाह बना था। यही कारण हैं कि, राज्य शासन के अवर सचिव अजय तिर्की ने आदेश जारी कर नगरनिगम के बजाय समूहों के कार्य से संबंधित गाइडलाइन जारी किया गया है। इसकी सामान्य सभा में मनमानी भर्ती को लेकर मामला उठता रहा है। एमसीसी के कर्मचारियों को सफाई कार्य कराने के बजाय निगम के दफ्तरों में बाबूगिरी कराए जाने का मामला भी सुर्खियों में रहा है।

अलग खबर

## नहीं चलेगी नगर निगम की मनमानी, समूहों के हाथों सफाई की कमान



### आठ घंटे करना होगा काम, सुरक्षा निर्देश जारी

राज्य शासन द्वारा नगरनिगम को निर्देश में कहा गया है कि, स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों की कार्यावधि 8 घण्टे निर्धारित होगी। निकाय सुविधानुसार प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 3 बजे (1 घण्टे का भोजन अवकाश मिलाकर) अथवा प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक कार्यावधि निर्धारित कर सकते हैं। कार्य रोस्टर स्वसहायता समूह द्वारा रोस्टर अनुसार इस प्रकार तैयार किया जाएगा, जिससे प्रत्येक सदस्य को रोटेशन आधार पर एक साप्ताहिक अवकाश अनिवार्यतः प्राप्त हो सके। समस्त सदस्यों का पंजीयन श्रम विभाग के पोर्टल पर कराया जाना अनिवार्य होगा, जिससे छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा जीवन बीमा, मेडिकल क्लेम आदि का सम्पूर्ण लाभसभी सदस्यों को मिले।

### सीधे नगर निगम नहीं करेगा संचालन

एमसीसी के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से लेकर शहर में बने दर्जनभर एसएलआरए सेंटर के रखरखाव से लेकर कर्मचारियों की भर्ती और उनका भुगतान निगम द्वारा अधिकृत महासंघ द्वारा किया जाएगा। पहले नगरनिगम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से लेकर कर्मचारियों की भर्ती और भुगतान स्वयं करती थी, लेकिन अब निगम सीधे भुगतान नही कर महासंघ को राशि जारी करेगी। अधिकारित सूत्रों की माने तो इसके लिए लक्ष्मी बहुआयामी महिला संघ के कार्य दिया गया है।

### दीदियां नहीं करेगी नालियों की सफाई

जानकारी अनुसार नगरनिगम में वर्तमान में 582 सफाई कर्मचारी मिशन क्लीन सिटी में कार्य कर रहे है। इन कार्य डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व गीला व सूखा कचरा अलग करना और खाद बनाने का कार्य है। लेकिन इनसे निगम सडक और नालियों का सफाई कराते रही है। लेकिन अब एमसीसी के कर्मचारी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य करेगें। वही प्लेसमेंट में करीब एक हजार कर्मचारी है, जो सडक और नालियों की सफाई सहित अन्य कार्य करेगें। इस तरह निगम और प्लेसमेंट में डेढ हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

### हर माह कराना होगा स्वास्थ्य परीक्षण

मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत नियोजित समस्त कर्मियों का मासिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक 3 माह में समस्त सदस्यों का लैब टेस्ट (ब्लड टेस्ट, थयरॉइड टेस्ट, बीपी शुगर टेस्ट, यूरीन टेस्ट, यूरीन कल्चर, यूरिक एसिड, एल्यूमिन टेस्ट, एलडीएच टेस्ट, टोटल कोलेस्ट्रॉल टेस्ट, वीएचडीएल टेस्ट एवं टीएचएस टेस्ट) कराया जाना अनिवार्य होगा। इन्हें प्रतिवर्ष पहचान पत्र लेकर वदी के रूप में कोटी शर्ट दो जोडी व साडियां, एपरेन, रबड और कपडे का दस्ताना, मोजे, मास्क, जूते, टोपी, रेनकोट, कंपोस्ट शेड में कम करने वालों के लिए गमबूट देगें।

### अन्य कार्य नहीं कराए जा सकेंगे

आदेश में कहा है कि, कुछ निकायों द्वारा इनसे स्ट्रीट स्वीपिंग, नाली सफाई, एवं अन्य प्रकृति के कार्य कराये जा रहे है। स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों से योजना के दिशा निर्देशों के अतिरिक्त अन्य प्रकृति के कार्य कराये जाने पर पूर्णतः प्रतिषेध होगा। एसएलआरएम सेंटर्स के लिए नियुक्त सुपरवाईजर निकाय के नियमित कर्मचारी अथवा स्वसहायता समूह के सदस्य होंगे। ट्रायसायकिल रिक्शा, मिनी टिप्पर आदि की मरम्मत का कार्य सुपरवाईजर द्वारा कराया जावेगा एवं निकाय द्वारा सुपरवाईजर को मरम्मत राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी। वार्षिक अधिकतम एक लाख रूपये तक के भुगतान हेतु यूजर चार्ज की राशि का उपयोग किया जा सकेगा।

**दिए गए कार्य**

राज्य शासन के निर्देश पर एमसीसी का कार्य फेडरेशन को दिया गया हैं। सभी दीदीयों का सुपरविजन उनके द्वारा किया जाएगा। **-सुमीत अग्रवाल**, आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

### अप्रैल-मई माह का कर्मियों को नहीं मिला वेतन

# शहर में सफाई का कार्य ठप कर्मियों को नहीं मिला वेतन



**निगम का अभियान हुआ प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

महापौर और नगरनिगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान के बीच मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। पिछले तीन दिनों से शहर में सफाई नही होने के कारण जगह जगह गंदगी का आलम हैं। वेतन जारी नही होने से नाराज कर्मचारियों के काम बंद किए जाने से नगरनिगम प्रशासन की चुनौती बढ गई हैं। उल्लेखनीय है कि, तीन दिन पहले ही नगरनिगम में एमसीसी में कार्यरत 582 सफाई कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया था। नगरनिगम परिसर में सैकडों की संख्या में पहुंचे कर्मियों ने अप्रैल माह का वेतन अब तक जारी नही किए जाने से नाराजगी जताई थी। कर्मियों ने बताया कि, मई माह भी समाप्त होने वाली है, लेकिन उन्हें अप्रैल का वेतन भी नही मिला है। विगत दिनों प्रदर्शन के बाद आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया था कि, कर्मियों की उपस्थिति को लेकर शिकायत मिली थी। जिसके जांच के बाद सभी का वेतन जारी किया जाएगा। बहरहाल कर्मियों को अब तक वेतन जारी नही किया गया है। जिसके चलते पांच सौ से अधिक कर्मियों के सामने आर्थिक तंगी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

- वेतन जारी नहीं होने से नाराज है निगम के कर्मचारी
- कर्मचारियों के सामने गहराया आर्थिक संकट

### प्लेसमेंट कर्मी भी हो रहे एकजुट

सफाई कामगार मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री रवि कुमार सोनी ने बताया कि, हमने पूर्व में सात सूत्रीय मांगे रखी थी। उसे पूरा नही किया गया है। वही वेतन जारी नही किए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आगामी दिनों एमसीसी के आलावा प्लेसमेंट के कर्मी भी हडताल पर रहेंगे। संघ के धरम नागेश, कृष्णा नायक, अंकुर सागर और बल्लू नागेश ने बताया यह आंदोलन अनिश्चितकालीन रहेगा।

### सुशासन तिहार

# शिविर में 486 आवेदनों का किया गया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे भवन में शिविर का आयोजन किया गया था। महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोक कर्म प्रभारी अलका बाघमार के साथ शिविर में लगें विभिन्न विभागों के स्टाल में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों सहित निराकरण आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान शिविर तुरंत ड्राइविंग लाइसेंस, मजदूर कार्ड वितरण मेयर अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल,एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर और पार्षदो के बीच हितग्राहियों को किया गया। शिविर में 488 आवेदनों मांग 396 शिकायत 93 शेष 02 आवेदनों का 486 का निराकरण किया गया। आज के शिविर में प्राप्त आवेदन 827 ज्यादातर शिविर में सबसे ज्यादा पट्टा के आवेदन मिले है। शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन पट्टे को लेकर सामने आए है। इस दौरान दो गर्भवती महिलाओं को गोद भराई व 1 नवजात शिशुओं का अन्नप्रासन संस्कार किया। शिविर स्थल पर 25 से अधिक किशोरी बालिकाओं का एचबी टेस्ट एवं उनको सेनेटरी पैड वितरण किया गया। इस अवसर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद सावित्री दमाहे, सुरुचि उमरे, युवराज कुंजम, ललिता ठाकुर, सरस निर्मलकर सहित अन्य थे।

- शिविर में सबसे ज्यादा पट्टे की आई सैकड़ों डिमांड
- किशोरी और बालिकाओं को सैनेटरी पैड वितरित

### मनवा कुर्मी समाज की मासिक बैठक कल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज की मासिक बैठक 25 मई को दोपहर 12 बजे कुर्मी भवन पाटन में की जाएगी। राज मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि उक्त बैठक में समाजिक प्रकरण की सुनवाई के साथ-साथ महाधिवेशन में पारित प्रस्ताव को अमल में लाने पर चर्चा के साथ-साथ स्वजातीय कर्मचारी-अधिकारी एवं व्यवसायिक संस्थाओं के सर्वेक्षण एवं आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली स्वजातीय विद्यार्थियों के सहयोग पर चर्चा की जायेगी।

# मानव दिवस बढ़ाने व मनरेगा कार्य स्वीकृत करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



बीते 16 मई को मनरेगा में कार्य दिवस बढ़ाने को लेकर जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रोरेट परिषर में मनरेगा मजदूर व कांग्रेसियों के जमकर प्रदर्शन के बाद विगत बुधवार को जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग दुबे के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर का मनरेगा कार्यदिवस को लेकर जिला पंचायत कार्यालय में बैठक आहूत किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मनरेगा मजदूरों का पक्ष रखते हुवे मांग किया कि, दुर्ग जिला मनरेगा में लक्ष्य बढ़ाकर 42 लाख मानव सृजन दिवस किया जाए व तुरंत नए कार्य स्वीकृत किया जाए। श्री ठाकुर के मांग पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने मनरेगा के कार्य को पीएम आवास के तहत आगे बढ़ाने और लक्ष्य 18 लाख मानव दिवस से 42 लाख मानव दिवस बढ़ाने तथा मनरेगा के तहत नए कार्य स्वीकृत करने शासन स्तर पर चर्चा होना तथा जल्द ही इस पर निर्णय होना बताया गया। बैठक में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, आनंद ताम्रकार, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार, शिशिर कसार, मोहित वालदे, नाशिर, तिलक राजपूत सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

- मनरेगा मजदूरों के ओर से कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ने रखी बात

### खदान क्षेत्रों में तत्काल सुरक्षा उपाय लागू करने निर्देश जारी

# खदानों में सुरक्षा व्यवस्था नहीं बनाने पर नपेंगे संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में संचालित खदानों को लेकर कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी किए गए है। जिसमें सुरक्षा के मापदंड का पालन नही करने पर कडी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। उन्होने कहा कि, जिले में पूर्व में संचालित रही, लेकिन अब परित्यक्त खदानों तथा वर्तमान में चालू खदानों में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव के चलते आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। जिला प्रशासन को प्राप्त हो रही हैं। खदानों में पानी भर जाने से बड़े-बड़े गहरे तालाब बन जाते हैं, जिनमें लोगों एवं मवेशियों के डूबने से मृत्यु की घटनाएं भी हो जाती है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसी दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को आपदा राहत अंतर्गत आरबीसी-6-4 के तहत मुआवजा राशि दी जाती है। इसके अलावा कई खदान क्षेत्रों में वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका भी बनी रहती है। सभी पट्टेदारों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसमें खदानों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु खदानों के चारों तरफ फेसिंग, बाड़ निर्माण करें ताकि, कोई भी व्यक्ति या पशु दुर्घटनाग्रस्त न हो सके। उत्खनन पट्टा अनुबंध की शर्तों के अनुसार पट्टेदार समस्त गड्ढों तथा खदानों को अच्छी तरह से तथा पर्याप्त रूप से सुरक्षित रखेगा।



### बैरियर और वृक्षारोपण का भी प्रावधान

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने धमधा, पाटन एवं भिलाई-3 के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को पत्र जारी कर अवगत कराया है कि, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम-2015 के तहत उत्खन्न योजना एवं जारी पर्यावरण स्वीकृति के शर्ता के अनुसार पर्याप्त सुरक्षा के उपाय हेतु खदानों के चारों ओर 7.5 मीटर पट्टी, बैरियर रखते हुए वृक्षारोपण किया जाना अनिवार्य होगा। जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के तहत सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करना होगा।

### सुरक्षा नहीं बनाने पर एसडीएम करेंगे कार्रवाई

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 152 से 163 तक की ओर भी आकृष्ट किया है, जो जनसुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने हेतु बनाए गए हैं। कहा गया कि, यदि संबंधित व्यक्ति आदेश का पालन नहीं करता या उचित कारण नहीं दर्शाता, आदेश के अंतिमीकरण अवज्ञा के परिणाम तथा पुनरावृत्ति के प्रतिषेध संबंधी प्रावधान है। धारा 160 के अंतर्गत यदि कोई लोक न्यूसेंस (सार्वजनिक असुविधा, खतरा) हटाने की कार्यवाही नहीं करता है, तो मजिस्ट्रेट स्वयं उस कार्य को करवा सकता है, और उसमें लगे संपूर्ण खर्च की वसूली संबंधित व्यक्ति से की जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### देवादा सरपंच ने किया आर्थिक सहयोग

**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने अपने गांव के संतोष यादव की दोनों पुत्री तामेश्वरी एवं नित्या यादव की विवाह के लिए 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की एवं बेटियों को उनके सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान की। वर्मा सरपंच निर्वाचित होने के बाद से गांव के अनेक जरूरतमंद परिवार को मांगलिक एवं शोक कार्यक्रम में आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ-साथ उनके सुख-दुख में शामिल हो रही है।

### 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में 10वीं 12वीं के 2025 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा कक्षा दसवीं में प्रथम दीपेश कुमार 97 % द्वितीय योनिता 94.83% तृतीय ऐश्वर्या 94.1 %70% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 20 रही 90% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या पांच इस तरह से कुल परीक्षा परिणाम 86.88 प्रतिशत रहा शाला के दीपेश कुमार ने 97% अंक प्राप्त करके दुर्ग जिले में नवां स्थान प्राप्त किया योगिता एवं योनिता ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त किया कक्षा 12वीं में कला संकाय में प्रथम सानिया टंडन 89 .4% द्वितीय काजल ढीमर 76.4% गणित संकाय में प्रथम केसरी साहू 83.4% द्वितीय रेणुका 59.2%गणित संकाय में प्रथम केसरी साहू 83.4% द्वितीय रेणुका 59.2%जीव विज्ञान संकाय में प्रथम भूमिका साहू 89% हेमलता साहू 76.6% वाणिज्य संकाय में प्रथम खुशी 83.6% द्वितीय पायल 73.2% कुल 13 विद्यार्थी 70% से अधिक अंक प्राप्त किया इस तरह से 12वीं का कुल परिणाम 88.88% रहा शाला के प्राचार्य नीलमणि उजवने ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें और शाला परिवार को बधाई प्रेषित किया व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख शीला चंद्रा डॉक्टर रूपमती साहू प्रीतम देवांगन दानेश्वरी सिन्हा वेदिका साहू डॉक्टर सरोज साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## निधन

### रामचंद्र साहू



**भिलाई।** भिलाई -3 एकता नगर निवासी विद्युत मंडल से सेवानिवृत्त कर्मी रामचंद्र साहू का निधन 23 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार एकता नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे वीरेंद्र, राकेश के पिता एवं यश, दिशा, निशा एवं रवि साहू के दादा थे।

### डॉ. सेवक राम वर्मा



**भिलाई।** गौतम बुद्ध मार्ग नेहरूनगर पश्चिम निवासी डॉ. सेवक राम वर्मा पिता स्व. हृदय राम वर्मा आयु 72 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा निवास स्थल से सुबह 11 बजे निकाली गई। वे चंद्रकांता वर्मा के पति और तन्मय, प्रतीक वर्मा के पिता थे।

### घासीराम यादव

**जामगांव आर।** बोरवाय निवासी घासीराम यादव का मंगलवार को निधन हो गया। वे नेतराम, गेंदलाल और दूधनाथ यादव के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

---


**सिस्टम की पोल खोलती व्यवस्था: दुर्ग-भिलाई और ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी हो रहे परेशान**

# तीन दिन की बारिश के बाद अंधेरे में शहर, जगह-जगह भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में पिछले दिनों अंधड़ और बारिश ने स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग की लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है। शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली की समस्या सामने आई है। रात में देर तक लाइट गुल रही रही है। दुर्ग-भिलाई के 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सों में स्ट्रीट लाइट बंद हैं। कॉलोनियों में अंधेरा पसरा हुआ है। नेहरूनगर, स्मृतिनगर, वैशालीननगर, कुरूद, शांतिनगर से लेकर टाउनशिप में अंधेरा छाया हुआ है। कमोबेश टाउनशिप के सभी सेक्टरों में ऐसे ही हालात हैं। दुर्ग के बाजार एरिया को छोड़ दिया जाए, तो सभी जगहों पर बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। खास बात यह है कि शिकायत के बाद भी लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। बिजली उपभोक्ता फोन पर फोन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सुना नहीं जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिक्कतें बनी हुई है। इधर दुर्ग से रायपुर हाईवे का भी बुरा हाल है। जगह-जगह मेंटेनेंस के नाम पर मार्ग परिवर्तित किया है। मेंटेनेंस में बिना किसी वैकल्पिक इंतजाम के लिए काम किया जा रहा है। इससे दिक्कत बढ़ गई है। बारिश के बाद पानी की निकासी नहीं होने से पानी जमा हुआ है। लोगों को इस वजह से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**हाईवे पर मेंटेनेंस के कारण जाम**



### पुलगांव नाला, कोसा नाला और कुम्हारी में चल रहा काम

हाईवे पर कोसा नाला और कुम्हारी में मेंटेनेंस का काम चल रहा है। इस वजह से दिक्कतें बढ़ी हुई है। बता दें कि 34 करोड़ रुपए की लागत से सड़क का मेंटेनेंस किया जा रहा है। डामरीकरण का काम चल रहा है। इसके अलावा कोसानाला को तोड़कर मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए कहीं कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किए गए हैं। संकेतक तक नहीं लगे हैं। दुर्ग से रायपुर तरफ मार्ग पर दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही से दिक्कत बनी हुई है। इसी प्रकार पुलगांव नाले के पास भी मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। इस वजह से ट्रैफिक जाम की सस्या बनी हुई है।

### नालियों की नहीं हुई सफाई, कॉलोनियों में भर रहा पानी

दुर्ग और भिलाई दोनों निगम क्षेत्रों में बारिश से पहले की सफाई व्यवस्था नहीं हो पाई है। इसकी वजह से बारिश होने पर दोनों ही जगहों पर आउट कॉलोनियों में बारिश का पानी जमा हो रहा है। दुर्ग में पॉलीटेक्निक कॉलेज, रायपुर नाका, पद्मनाभपुर कुक्कट पालन केंद्र सहित अन्य जगहों पर पानी जमा हुआ है। इसी प्रकार भिलाई में मैदानों में पानी जमा हुआ है। सफाई नहीं होने से कई जगहों पर दिक्कत बनी हुई है। इधर बिजली मेंटेनेंस नहीं होने से शहर के अधिकांश हिस्सों में लो-वोल्टेज की समस्या भी सामने आ रही है।

### टाउनशिप में बिजली गुल होने से रहवासी हो रहे परेशान

टाउनशिप में बिजली गुल होने से लगातार चौथे दिन 1 लाख से ज्यादा आबादी परेशान होते रही। बिजली आने और जाने के समय तय नहीं है। रहवासियों ने बताया कि टाउनशिप में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली साल मेटेनेंस के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। बिजली तार से लेकर ट्रांसफार्मर पुराने हो गए हैं, जिन्हें सालों से नहीं बदला गया। इस वजह से दिक्कते ज्यादा हो रही हैं। सेक्टर-7, सेक्टर-6, सेक्टर-2, सेक्टर-4 में ज्यादा परेशानी है। गलियों में बिजली नाम के लिए भी नहीं है। इस वजह से लोग ज्यादा परेशान हैं।



## सुशासन तिहार समाधान शिविर में 538 आवेदन प्राप्त, 53 का किया त्वरित निराकरण



**पाटन।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार समाधान के तहत मंगलवार को नगर पंचायत पाटन के वार्ड 15 अटारी में वार्डों का समाधान शिविर आयोजित की गई। जिसमें नगरवासी अपनी जनसमस्या, मांग, शिकायत के लिए आवेदन किए एवं संबंधित विभाग द्वारा त्वरित समाधान भी किया गया। शिविर में राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि का वितरण किया गया। वहीं शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, समाज कल्याण, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, आयुष विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, खनिज विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग शामिल हुए। शिविर में कुल 538 आवेदन प्राप्त हुए एवं 53 का निराकरण त्वरित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नगर पंचायत पाटन सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा, पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, सभापति केवल देवांगन, पार्षद देवेंद्र ठाकुर, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद संगीता धुरंधर, पार्षद दीपक यादव आदि उपस्थित थे।

■ नगर पंचायत पाटन में समाधान शिविर आयोजित

## आईसीटी लैब से शोध क्षमता में निपुण होंगे स्टूडेंट्सः डॉ. अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, मर्रा जिला दुर्ग में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी लैब का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने की। समारोह मेंआईसीटी लैब प्रभारी इंजीनियर केके एस महिलांग, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रवीण साहू, सहायक प्राध्यापक मंजू ध्रुव सहित समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षकीय स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा ने कहा कि यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला न केवल छात्रों के ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि उन्हें डिजिटल साक्षरता, तकनीकी दक्षता एवं शोध क्षमता में भी निपुण बनाएगी। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाकर भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें। डॉ. वर्मा ने प्रयोगशाला की चार प्रमुख इकाइयों कृषि अर्थशास्त्र, कृषि सांख्यिकी, कृषि विस्तार शिक्षा एवं भाषा प्रयोगशाला की कार्यप्रणालियों की जानकारी देते हुए इसे महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि आईसीटी लैब महाविद्यालय के समग्र विकास एवं राष्ट्रीय प्रत्यायन मानदंडों की पूर्ति के लिए एक सशक्त आधारशिला सिद्ध होगी। अंत में उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस तकनीकी संसाधन का निरंतर एवं प्रभावी उपयोग करें, जिससे वे न केवल अपनी अकादमिक उपलब्धियों में वृद्धि कर सकें, बल्कि भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस दौरान शाखा अधिकारी हेमंत साहू ने महाविद्यालय की उपलब्धियों के विषय में बड़े ही विस्तापूर्वक बताते हुऐ कहा की हमारे कृषि महाविद्यालय मर्रा बहुत ही कम समय में नई-नई ऊंचाइयों कों छुआ जा रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



■ कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, मर्रा में आईसीटी लैब का हुआ उद्घाटन

## मैत्री कुंजवासी पार्षद भगत से की मुलाकात



**भिलाई।** जन कल्याण समिति मैत्री कुंज अवंति उद्यान के सदस्यों के द्वारा वार्ड 23 पार्षद धर्मेंद्र भगत का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विगत वर्ष से रिसाली से मैत्री कुंज को आने वाली जो सड़क है वह 25 वर्ष से भी ज्यादा समय से अंधकार में डूबी हुई थी जिसको रोड लाइट से प्रकाशित करने की ज़िम्मेदारी धर्मेंद्र भगत ने उठाई।

## बिजली कटौती की समस्या का हो शीघ्र समाधानः रामकुमार



**कुम्हारी।** इन दिनों बढ़ती बिजली कटौती की समस्या से कुम्हारी वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बार-बार बिजली का बंद चालू होना घरेलू विद्युत उपकरणों के खराब होने का कारण बन रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार सोनी ने इस बात को लेकर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया है कि इस परेशानी के लिए जब विद्युत विभाग में फोन लगाने पर ऑफिस में कोई जवाबदार व्यक्ति फोन नहीं उठाता नहीं कोई जवाब देही होता है। इस समस्या से निजात कैसे मिले इस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को बैठकर उचित निष्कर्ष निकालना आवश्यक है। इधर भीषण गर्मी में यह समस्या और विकराल रूप लेता जा रहा है जिसके चलते आम जनमानस में काफी रोष है। अगर यही स्थिति रही तो हमे आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदार विद्युत विभाग की होगी। वैसे इस गंभीर विषय को लेकर गुरुवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों की एक बैठक नगरपालिका अध्यक्ष के साथ हुई जिसमें अधिकारियों ने अपनी समस्याएं भी बताई। जिसमें प्रमुख रूप से स्थानीय विद्युत विभाग में पर्याप्त स्टाफ की कमी मुख्य है।

**पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज का जारी है जन संपर्क दौरा**

# लोग समस्याओं और अनियमितताओं से करा रहे अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झोला, तिरगा, भोथली, रुदा, निकुम, मासाभाट, आमटी, आबादी आमटी, आलबरस एवं खाड़ा में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। वहीं उनकी मदद कर रहे हैं और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पार्टी में नए लोगों के साथ महिलाओं एवं युवाओं को भी जोड़ने का आह्वान किया है। इस दौरान विधानसभा वासियों द्वारा लगातार अलग-अलग समस्यायें जैसे ग्राम झोला में ठेकेदार की लाफरवाही से 10 से अधिक काम स्वीकृत कार्यों को अधूरा छोड़ देना, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती हो रही है जिससे लोग गर्मी में भारी परशानी हो रही है। वर्तमान में विधानसभा के ग्राम पंचायत के सरपंचों को काम नहीं देना, सीधा ठेकेदार को काम दिया जा रहा है जिससे ग्राम पंचायत के सरपंच इस सरकार से नाराज है। किसानों को अभी से खाद की समस्या आ रही है, पीने का पानी नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य बंद होना, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, ग्राम आमटी बस्ती में सड़क मोड़ पर ब्रेकर बनवाने की, महिला समूहों को काम नहीं मिलना, अवैध शराब गांव-गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की विधानसभा में भारी कमी है। इन्हें सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण हेतु विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने का आश्वासन दिया है।इस अवसर ग्राम तिरगा में ग्रामीण जनों ने कांग्रेस पार्टी के विचार रीति-नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली । इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चन्द्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी, अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, जनपद सदस्य दामिनी देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, गोपेश्वर बेलचंदन, बाबू लाल देशमुख, घनश्याम देशमुख, नंद कुमार साहू, जीवन सिन्हा, सरपंच बंसती निषाद आदि उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### बेलर मशीन से घुमन्तु पशुओं के लिए गौठान में चारा इकट्ठा करने कर रहे जतन



**सेलूद।** रवि फसल के पैरे को गौठान तक लाने के लिए अब बेलर मशीन का उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच खिलेश बबलु मारकंडे ने बताया कि छोटे किसानों के पैरे को ट्रेक्टर ट्राली से भरकर गौठान तक लाया जा चुका है। लेकिन बड़े किसानों के पैरे को गौठान तक लाने के लिए मजदूर नहीं मिलने पर जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र चंद्रवशी के सहयोग से बेलर मशीन से बंडल बनाकर अब गौठान तक लाने का कार्य किया जा रहा है। भीषण गर्मी होने और पैरा लाने के कार्य में और गर्मी लगता है इस कारण इस कार्य को करने वाले मजदूर नहीं मिल रहे थे। सरपंच खिलेश मारकंडे की पहल पर गुलमणी कुर्रे, जीतु साहू, चंद्रकुमार धनकर, जवाहर वर्मा, रुरेन्द्र देवांगन सहित अन्य किसान अपने खेतों में पड़े पैरे को निःशुल्क दे रहे है लेकिन उनको गौठान तक लाने में बड़ी समस्या हो रही थी इसलिए बेलर मशीन से बड़े बड़े बंडल बना दिया जायेगा फिर इनको आसानी से ट्रेक्टर में लोड करके गौठान तक लाया जा सकता है। इस कार्य में सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरंच राकेश साहू, पूर्व पंच रवि पटेल, करण धनकर, कुमार यादव सहयोग रहा है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तुणीर का विधायक ने किया सम्मान



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस की कक्षा आठवीं की छात्रा तुनीर साहू पिता महेश साहू ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में राज्य स्तर पर पंचम स्थान और जिला दुर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। आज इन होनहार विद्यार्थियों से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने निज निवास पर मुलाकात कर शाल, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इन विद्यार्थियों की यह उपलब्धि निश्चित ही क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। आलबरस से तुणीर साहू जिला में प्रथम स्थान, जिज्ञासा देशमुख, सागर डहरिया एवं रूदा से हर्षित देशमुख, पुष्पांजलि देशमुख का चयन हुआ है। इस योजना अंतर्गत कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के एक लाख छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है जिन्हें प्रति छात्र 12000 वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक निकुम संजय चंद्राकर, ग्राम पंचायत आलबरस सरपंच भुवन लाल देशमुख, ग्राम पंचायत खाड़ा सरपंच नंद कुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हेमलाल गायकवाड़, सरिता देवांगन, प्रधान पाठक गुमिता साहू, मोहिनी देशमुख, गीता कौशिक, रेखा भारदिया, अश्वनी साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, जनार्दन सेन सहित दोनों विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमलाल गायकवाड़, रीतु देशमुख उपस्थिति थे।

### रक्त वीर सैनिकों के नाम शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में हुआ रक्तदान शिविर



**सेलूद।** ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं साहस के प्रदर्शन तथा शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में संस्था के प्राचार्य आलोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में मेकाहारा मॉडल बैंक के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व विषय पर एक व्याख्यान के साथ एकेडमिक सदस्य एवं छात्र-अध्यापकों का बीपी जांच किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य, नोडल अधिकारी, एकेडमिक सदस्य तथा छात्राध्यापकों द्वारा रक्तदान किया गया । यह पुनीत कार्य मेकाहारा मॉडल बैंक की टीम डॉक्टर शब्बीर खान, वर्षा चौधरी, डॉ. अविरल मिश्रा के सहयोग से सम्पन्न हुआ । महाविद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार शर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. लता मिश्रा, अकादमिक सदस्य शेष शुभ वैष्णव, संतोष वर्मा, निलेश सावरकर, रिजवान, छात्र अध्यापक ललित कुमार बिजौरा, योगेश नायक, अंजोर सिंह बरिहा, प्रवीण सिंग , किशोर साहू, सुशील कुमार साहू , संदीप कुमार , किशोर साहू ने रक्त दान किया। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेकाहारा मॉडल बल्ड बैंक एवं महाविद्यालय, दोनों संस्था की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। संस्था के अकादमिक सदस्य योगेश्वरी महाडिक ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। इस पुनीत कार्य में संस्था के सभी अकादमिक सदस्यों की सहभागिता रही।

### नाम परिवर्तन सूचना

नायरा गुप्ता आत्मजा श्री राजीव गुप्ता, उम्र 21 वर्ष निवासी क्वा.नं. 14, वार्ड नं. 43, आदर्शनगर, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ यह कि पूर्व में मेरा नाम हनी गुप्ता था जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है मैने अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम नायरा गुप्ता रख ली हूँ अतः आज दिनांक से मुझे मेरे नया नाम नायरा गुप्ता (NAYRAA GUPTA)आत्मजा श्री राजीव गुप्ता के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावें।

नायरा गुप्ता
(NAYRAA GUPTA)
पिता श्री राजीव गुप्ता
निवासी क्वा.नं. 14, वार्ड नं. 43,
आदर्शनगर, दुर्ग तहसील व
जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./202505103000076/ब-121/वर्ष2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर महोदय के आवेदन पत्र दिनांक 25/04/2025 आवेदक लुकेश कुमार साहू पिता स्व. रामलाल साहू, निवासी ग्राम खम्हरिया, हनुमान मंदिर के पास तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) व अन्य 4 विरूद्ध छ०ग० शासन आवेदक कमांक 01 से 04 संयुक्त स्वामित्व हक एवं कब्जे की भूमि खसरा नंबर 721/2 रकबा 0.8000 हे. भूमि जो मौजा खम्हरिया प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में स्थित है। उपरोक्त भूमि आवेदक क्रमांक 1 से 4 के पूर्वज पिता स्व. रामलाल को भू-दान के तहत शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि है। जो रामलाल के मृत्यु के उपरांत आवेदक कमांक 01 से 4 संयुक्त स्वामित्व हक में फौती नामांतरण आदेश दिनांक 03/08/2020 के अनुसार संयुक्त स्वामित्व हक में दर्ज होकर पांचसाला खसरे की कैफियत कॉलम में अहस्तांतरणीय के रूप में दर्ज है। आवेदक कमांक 01 अपने बच्चों को उच्च शिक्षा एवं आवेदिका कमांक 02 के समुचित चिकित्सा हेतु उपरोक्त भूमि में से 1 एकड़ 25 डिसमिल भूमि जो आवेदिका कमांक 02 से 4 के अंश हक व हिस्से की भूमि है को आवेदक क्रमांक 5 के पास चुकता राशि 35,00,000/- अक्षरी पैतीस लाख रू. में विक्रय करने का सौदा पक्का किया गया है. व बयाना के पेटे 5,11,000/- रू. (अक्षरी पांच लाख ग्यारह हजार रू.) क्रेता से विक्रेतागण द्वारा प्राप्त कर लिया गया है, इकरारनामा की प्रति आवेदन के साथ संलग्न है। आवेदित भूमि खसरा नंबर 721/2 रकबा 0.8000 हे. भूमि में से 1 एकड़ 25 डिसमिल भूमि जो मौजा- खम्हरिया प.ह.नं. 54 रा.नि.म. उतई में स्थित भूमि को आवेदक क्रमां 5 के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किये जाने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने बाबत आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05/06/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

# सैकड़ों कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद वीरान पड़ी डाकतार कालोनी

## जर्जर आवासों को रिनोवेट कर जरुरतमंद कर्मचारियों को आवंटन की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक दशक पहले तक गुलजार रहने वाली सेक्टर 6 पीएंडटी (डाक तार ) कालोनी वीरान पड़ी हुई है। आवास खंडहर होते जा रहे हैं और उद्यान बच्चों के इंतजार में बैरौनक हैं। दो विभागों के बीच में यह कालोनी अपना अस्तित्व खोती जा रही है। यूनियनों ने जर्जर हो रहे आवासों को रिनोवेट कर जरुरतमंद कर्माचारियों को आवंटित किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप की सबसे बड़ी कालोनी सेक्टर 6 तेजी से उजाड़ हो रही है। यहां दस साल पूर्व बीएसपी द्वारा अनफिट और कब्जे वाले करीब दो सौ ब्लाकों को डिस्मेंटल किया जा चुका है। इनके करीब स्थित साठ साल पुरानी दोमंजिला पीएंडटी डाकतार कालोनी भी वीरान और उपेक्षित है। यह कालोनी सत्तर के दशक में डाक व तार विभाग के लिए बनाई गई थी। लेकिन तार विभाग के बंद हो जाने और डाक विभाग के कर्मचारियों के रिटायर होने व भर्ती मंद होने से पिछले एक डेढ़ दशक से आवास खाली पड़े हैं। अधिकतर ब्लाक जर्जर हो चुके हैं और कई खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। चंद मकानों में ही कर्मी रह रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक डाकतार विभाग को अपने कर्मियों के लिए बीएसपी द्वारा जमीन दी गई थी। अब दोनों विभागों को चर्चा कर पुराने व जर्जर आवासों की मरम्मत कर जरुरत बीएसपी कर्मियों को आबंटित किये जाने की जरुरत है। कालोनी में करीब 5 सौ आवास हैं जिनमें अधिकतर खाली व जर्जर हैं।



### बम्लेश्वरी मंदिर से ही रौनक

वर्षों से वीरान डाकतार कालोनी सेक्टर 6 में ही प्रसिद्ध बम्लेश्वरी मंदिर स्थित है। मंदिर में सुबह शाम आरती और पर्वों पर पूजा के समय भक्तों के आने से कालोनी में रौनक होती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पंद्रह बीस साल पूर्व जब डाक तार विभाग के कर्मचारी इन आवासों में रहते थे तो पूरी कालोनी में चलहपल होती थी। इस कालोनी का उद्यान भी बरौनक और उजाड़ पड़ा है। उद्यान कचरे से पटा है। पहले यहां बच्चों की धमाचौकड़ी और महिलाओं व बुजुर्गों से गुलजार था।

## खबर संक्षेप

### फेसबुक आईडी से झांसा देकर 15 लाख की ठगी

**भिलाई।** फेसबुक आईडी से दोस्ती कर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि सुभाष तिवारी का परिचय फेसबुक आईडी से श्रेया अग्रवाल से हुआ। जिसका मोबाईल नंबर से वाट्सएप से बातचीत हुआ करता था। इस दौरान श्रेया ट्रेडिंग में मुनाफा के बारे में जानकारी देकर लिंक भेजकर आईडी बनाया। पीड़ित ने लालच में आकर अलग अलग किश्तों में 15 लाख रुपए जमा कराए गए। इस दौरान पीड़ित से विडियों काल में भी बातचीत हुआ था। विडियों कॉल में श्रेया अग्रवाल की डीपी वाली महिला से बातचीत हुआ था। श्रेया ने झांसा देते हुए पीड़ित को बताया कि भाई व पापा दुबई में रहते है। जो लाल चंदन का एक्सपोर्ट करते है। पहले रकम को 50 हजार रुपए यूपीआई की मदद से जमा किया। जिसे डॉलर में कन्वर्ट कर पीड़ित के आईडी मे 500 यूएसडीटी जमा किया। फिर ट्रेड कराकर कुछ ही देर में 600 यूएसडीटी दिखने लगा। तब श्रेया ने भरोसा में लिया और अच्छा ग्रोथ का झांसा देकर आईडी में 5 लाख इन्वेस्ट कर बंधन बैक का खाता नंबर उसने दिया। पीड़ित ने भी 5 लाख रुपओ आरटीजीएस किया।चेक करने पर 11,110 यूएसडीटी हो गया था। फिर वाटसअप की जरिये स्क्रीन शॉट भेजकर ट्रेड कराती थी। पीड़ित से कुल 15 लाख रुपए का ठगी किया गया। परेशना होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस से किया।

### बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाइक बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि बाइक सीडी डिलक्स को बेचने के लिए दो लड़के बसंतपुर अस्पताल के पास ग्राहक तलाश कर रहे हैं, तब तत्काल मौके पर पहुंचकर मुखबीर के बताये हुलिया के लड़कों को पकड़कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम अन्ना उर्फ सुधीर नायडु उम्र 19 साल साकिन चिखली एवं रोहित तेलासी 19 साल साकिन चिखली के रहने वाला बताया व आरोपी सुधीर उर्फ अन्ना नायडू से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बाइक सीडी डिलक्स को अपने साथी रोहित तेलासी के साथ घटना दिनांक को चोरी करना स्वीकार किया।

## डीएड, बीएड प्रशिक्षित शिक्षक छग दुर्ग ने की मोदी गारंटी 57 हजार शिक्षक भर्ती की मांग

# अंधकारमय हो जाएगा संभाग के डेढ़ हजार शिक्षकों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश सरकार की युक्तियुक्तकरण योजना से प्रदेश के साथ भिलाई दुर्ग सहित संभाग के सैकड़ों स्कूलों के बंद हो जाने के आसार हैं। इसके चलते इसी अनुपात में शिक्षकों का भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा। वहीं घोषणा के अनुरुप शिक्षकों के भर्ती नहीं होने से डीएड,बीएड प्रशिक्षितों में असंतोष बढ़ रहा है। गुस्साए अभ्यर्थियों ने आज कलेक्टोरेट में डीएड बीएड संघ दुर्ग के बैनर तले प्रदर्शन किया। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बेरोजगार युवाओं का भविष्य देखते हुए युक्तियुक्तकरण पर स्थाई रोक लगाकर मोदी का गांरटी की घोषणा और पूर्व शिक्षा मंत्री के वादे के अनुरुप 57 हजार शिक्षकों का जल्द भर्ती किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युक्तियुक्तकरण नीति लागू किए जाने का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। डीएड, बीएड एवं टेट पास शिक्षक संघ दुर्ग के मुताबिक छत्तीसगढ़ प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के नाम पर 4 हजार से अधिक स्कूलों को बंद किए जाने की तैयारी की जा रही है। इससे करीब 35 हजार शिक्षक अतिशेष होंगे यानी प्रभावित होंगे। युक्तियुक्त करण होने से दुर्ग संभाग में 8 सौ से 1 हजार स्कूलों में ताला लग जाएगा और इनके 12 सौ 15 सौ शिक्षक प्रभावित होंगे। यानी इतनी बड़ी तादाद में शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसके निदान पीएम व विधायकों का घोषणा के अनुरुप 57 हजार शिक्षकों की जल्द भर्ती किए जाने की जरुरत है। डीएड, बीएड प्रशिक्षित एवं टेट पास भावी शिक्षक संघ जिला दुर्ग के अध्यक्ष सतीश निषाद ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व छग भाजपा द्वारा पीएम मोदी की गारंटी के तहत 57 हजार शिक्षक भर्ती किए जाने की घोषणा दो साल के अंदर करने और तत्कालीन शिक्षा मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा विधानसभा में 33 हजार शिक्षक भर्ती शिक्षा सत्र 2023-24 में पूर्ण किए जाने का वादा किया था। लेकिन अब तक एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं की गई है। पीएम विधायकों की घोषणा पर अमल से शिक्षकों का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा और हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

### युक्तियुक्तकरण पर स्थायी रोक लगाने की मांग



### विधायको नें भी भर्ती का दिलाया भरोसा

पूर्व शिक्षा मंत्री के वादे के शिक्ष भर्ती के वादे के अनुरुप विधानसभा के शीतकालीन सत्र 24 के दौरान विधायक ओमकार साहू, दिलीप लहरिया, शेषराज हरवंश व रिकेश सेन भी विधानसभा में शिक्षक भर्ती को लेकर आवाज उठाई थी। साथ ही बजट सत्र 2025-26 में विधायक धरमलाल कौशिक व अटल श्रीवास्तव के शिक्षकों के छग में कितने पद रिक्त हैं संबंधी प्रश्न पर सीएम (शिक्षा मंत्री) ने जवाब दिया था कि 56,601 पद रिक्त हैं। जबकि 78000 पद रिक्त हैं। अब डीएड बीएड प्रशिक्षित विधायकों व सीएम के वादे के अनुरुप युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती करने की मांग कर रहे हैं। सरकार स्कूल सेटअप 2008 में बदलाव कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का भी उल्लंघन कर रही है।

### शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

डीएड, पीएड प्रशिक्षित एवं टेट पास शिक्षक छग दुर्ग के बैनर तले शुक्रवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। प्रशिक्षितों ने प्रदेश के युवाओं के भविष्य को देखते हुए तत्काल युक्तियुक्तकरण पर रोक लगाकर मोदी गारंटी की घोषणा के अनुरुप 57 हजार शिक्षक भर्ती किए जाने की मांग की। डीएडबीएड प्रशिक्षित टेट पास भावी शिक्षक छग संघ दुर्ग संभाग की अध्यक्ष पूजा सागर की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। पूजा ने बताया कि पूर्व शिक्षा मंत्री व विधायकों के वादे के अनुरुप छग में जल्द 78 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाए। क्योंकि पीएम के 57 हजार शिक्षक गारंटी पर ही विस चुनाव में छग में युवाओं ने भाजपा को जिताया था और लोस चुनाव में भी11 में 10 सांसद जिताए थे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में दिखेगी सैकड़ों बच्चों की प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग, लौह अयस्क समूह, दल्ली राजहरा द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवार ने सिटीजन क्लब, राजहरा में किया। 10 जून तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में 12 खेलों को शामिल किया गया है। इनमें क्रिकेट, फुटबॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, जूडो, कराते, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और तीरंदाजी शामिल हैं। इन सभी खेलों में सैकड़ों बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उदघाटन कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी विपिन कुमार, अरुण कुमार, एन के साहू, सहायक महाप्रबंधक अतुल कॉलेश, रमेश हेडाऊ, नितेश छत्री, लखन लाल चौधरी, तिलक मानकर व श्रीनिवासुलू आदि उपस्थित थे।

■ 12 खेलों में राष्ट्रीय प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण

### अनुभवी प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण

मुख्य अतिथि आरबी गहरवार ने बीएसपी द्वारा खेल गतिविधियों को दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक जयप्रकाश ने की। प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों में बालमुकुंद सिंह, सुदर्शन कुमार सिंह, दामिनी सिंह, तेजेश्वरी साहू, कृष्णमूर्ति, अनीता शिंदे, सुश्री तामिन साहू व कुशाल रजक प्रमुख रूप से शामिल हैं । कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रतीश मिश्रा द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों, सहायक प्रबंधक के शशांक राव, आनंद कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी संतराम साहू, घनश्याम पारकर तथा सहयोगियों श्री हरकराम, भोजराम व महेश कुमार उपस्थित थे।

### आपरेशन सिंदूर पर काव्य गोष्ठी 25 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के तत्वावधान में 25 मई को सृजन संवाद में आपरेशन सिंदूर पर केंद्रित साहित्यिक विमर्श एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक ने बताया कि रविवार को 12 बजे दिग्विजय कॉलेज परिसर स्थित सृजन संवाद में आयोजित इस साहित्यक विमर्श में उपस्थित कवि/ साहियकारों एवं चिंतकों द्वारा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए गए आपरेशन सिंदूर और हमारे सैनिकों की जांबाजी से आपरेशन को मिली ऐतिहासिक सफलता पर चर्चा की जाएगी।

## सब्जेक्ट टू वेकेशन जल्द शुरु हो, डबल क्वार्टर मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई कर्मचारी यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता से मिलकर से टाऊन शिप मे समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है। निदान से बीएसपी कर्मचारियों व परिजनों को परेशानियों से निजात मिलेगी। सीजीएम के साथ हुई बैठक में बताया कि कर्मियों का मेंटेनेंस कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है लोग टी ए बिल्डिंग और मेंटेनेंस आफिस के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो रहे हैं। टाउनशिप में मांगलिक भवनों को संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी अधिकारी के मांगलिक कार्यों के लिए बुकिंग करने पर भवन द्वारा तय राशि पर 50% की छूट दी जाए। बीएसपी की जमीन भवनों को न्यूनतम रेट पर दी गई है । वर्तमान समय में क्लबों की स्थिति अच्छी नहीं है। अपराधियों पर लगाम लगाने के सभी चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। थर्ड पार्टी अलाटमेंट क्वार्टर को बीएसपी कर्मियों को नहीं दिया जाता जबकि बीएसपी कर्मी के क्वार्टर को उसकी सहमति से थर्ड पार्टी को अलाट कर दिया जाता है । विसंगति दूर हो। टीए बिल्डिंग में वरिष्ठ विभागीय कर्मी, दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट लगाई जाए।

■ भिलाई कर्मचारी यूनियन ने की सीजीएम के साथ बैठक



### इस्पात क्लब करें रिनोवेट

बैठक में पदाधिकारियों ने सभी क्लबों का रिनोवेशन कर बाहर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की मांग की गई। साथ ही क्वार्टरों को अवैध कब्जों से बचाने के लिए 2 से अधिक मकानों को कर्मियों को अलाट करने पर जोर दिया ताकि संयंत्र को बिजली, पानी, किराया मिलता रहेगा और मकान भी सुरक्षित हाथों में रहेगा। लो वोल्टेज की समस्या से निपटने के लिए सभी मकानों में 3 फेस कनेक्शन दिया और सब्जेक्ट टू वेकेशन एवं म्युचुअल क्वार्टर अलाटमेंट बंद कर पुनः शुरू करने कहा। इससे कर्मियों को पसंद का क्वार्टर मिल सकेगा। सेक्टर 3 पुराने स्वास्थ्य केंद्र से बीएसएनल चौक होते हुए गैरेज रोड तक सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर बनाया जाए। टार फेल्टिंग में अनियमितता एवं पारदर्शिता की कमी की शिकायत मिलने इसे पारदर्शी और सीनियरिटी से करने की मांग रखी गई। बैठक में यूनियन महामंत्री अशोक माहौर सहित अध्यक्ष आनंद पांडेय, श्रीनिवास मिश्रा उपाध्यक्ष अरविंद पांडेय, तरुण सेमूअल, अवधेश पांडे, ओमप्रकाश तीतरमारे डीजीएस संजय शाह, अनुराग महुलकर उपस्थित थे।

## एचआरडीसी कर्मियों के लिए जल्द खोलें कैंटीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसपी के जीएम संजीव श्रीवास्तव को मुख्य महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपकर एचआरडीसी के कर्मचारियों और ट्रेनीज के लिए जल्द कैंटीन खोलने की मांग की । बताया कि इससे यहां ट्रेनिंग लेने वाल सौ ट्रेनर को सुविधा मिलेगी। आश्वासन मिला है। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में गए प्रतिनधिमंडल ने बताया कि एचआरडीसी में 50 कर्मचारी व अधिकारी कार्यरत हैं और 100 ट्रेनीज के लिए कैंटीन की सुविधा नहीं है 1 एचआरडीसी में प्लांट से एक-दो दिन के लिए ट्रेनिंग में आने वाले कर्मचारियों के लिए ही कैटरिंग की व्यवस्था है । स्टाफ के लिए संयंत्र के अन्य कर्मचारियों की तरह कैंटीन दर पर नाश्ता एवं खाने की कोई व्यवस्था नहीं है । स्टाफ को एवं ट्रेंनीज को इस्पात भवन और प्लांट के अंदर के कैंटिनो में जाने से समय बर्बाद होता है। इससे स्टाफ के समय की बर्बादी तो होती ही है उन्हें अत्यधिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। यूनियन कम दर पर कैंटीन सुविधा जल्द उपलब्ध कराने की मांग की। जीएम ने जल्द समस्या के निदान का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा, सचिव किशोर प्रधान, डी शंकर, विजय विश्वकर्मा तथा प्रबंधन से उप महाप्रबंधक वाई एस जौहरी एवं सहायक प्रबंधक सैफुद्दीन फजली उपस्थित थे।

■ इंटक प्रतिनिधि मंडल बीएसपी के जीएम से मिला



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
25 मई, दिन शनिवार, समय - सुबह 10 से 3 बजे तक
पता- चन्द्राकर मेडिकोज, शॉप नं. 44, ए-मार्केट, (कालीबाड़ी के बाजू में) हुडको, भिलाई (छ.ग.)
असाध्य रोग मिटाओ
—होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान—
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
कृपया असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

04



जूलिया का जलवा

## लाइव इवेंट

### आईपीएल देख सकेंगे बिग स्क्रीन पर, वह भी बिल्कुल फ्री, दिव्यांग क्रिकेट ग्राउंड में तैयारी




**भिलाई।** बीसीसीआई ने 24 और 25 मई को भिलाई में दो दिवसीय आईपीएल फैन पार्क का आयोजन किया है। यह फैन पार्क भिलाई दिव्यांग क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होगा। यह लगातार तीसरा साल है, जब भिलाई में आईपीएल फैन पार्क का आयोजन किया जा रहा है।

■ आज पंजाब और दिल्ली तो कल गुजरात-चेन्नई और कोलकाता-हैदराबाद के बीच मैच

यहां क्रिकेट प्रेमी निशुल्क एंट्री लेकर खाने-पीने का आनंद लेते हुए मैदान में बैठकर आईपीएल का आनंद ले सकते हैं।

आईपीएल के मैच भले ही भिलाई में न हो, लेकिन यहां के क्रिकेट प्रेमियों ने स्टेडियम में बैठकर मैच देखेंगे। बिग स्क्रीन में स्टेडियम की तरह के माहौल के बीच शनिवार को पंजाब वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स का मैच, वहीं रविवार को गुजरात वर्सेस चेन्नई, कोलकता वर्सेस सनराइजर्स हैदराबाद के मैच का लुत्फ उठाएंगे। साथ ही दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष ध्यान में रखते हुए, बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है। मैच के दौरान लकी ड्रॉ भी निकाला जा रहा है। यहां इंट्री लेने वाले फैंस को एक कार्ड दिया जा रहा है, जिसका भी नंबर लकी ड्रा में निकलेगा उन्हें आईपीएल की टीशर्ट दी जाएगी।

## सिटी इवेंट

### अंडर 13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग का दबदबा, 3 का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए



■ अंडर 13 बालक वर्ग में शिल्प विजेता बने, बालिका वर्ग में इशिका दूसरे स्थान पर

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के शतरंज खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित अंडर 13 की फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप में 24 अंतराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ियों सहित कुल 126 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। मुख्य अतिथि विधायक भावना बोहरा, विधायक दीपेश साहू, महासचिव विनोद राठी एवं विनीत राजोरिया ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्पर्धा में 8 चक्र मैच खेले गए, जिसमें अंडर 13 बालक वर्ग में दुर्ग जिले के उदीयमान खिलाड़ी शिल्प कुमार घोड़ेसवार, रिसाली ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 में से 7 अंक अर्जित करते हुए चैंपियनशिप के विजेता बने। दूसरे स्थान पर जिले के अभिनव सिंह, कोहका ने 7 अंक अर्जित कर उपविजेता रहे। अंडर 13 बालिका वर्ग में जिले की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी इशिका मड़के, भिलाई ने 6 अंक हासिल कर उपविजेता बनी। अंडर 13 बालक एवं बालिका वर्ग में राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए 2 बालक और 2 बालिकाओं का चयन किया जाना था, जिसमें 4 खिलाड़ियों में 3 खिलाड़ी दुर्ग जिले के है। ये सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। दुर्ग जिले के सभी चयनित खिलाड़ियों को संघ के संरक्षक प्रवीण भाई आड़तिया, डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ. मानसी गुलाटी, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, डॉ. रौनक जमाल, राजेश राजा, अशोक राठी, प्रहलाद रुंगटा, अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी ने बधाई दी है।

## लाइव इवेंट

### देश के बड़े समाज सुधारक थे राजा राम मोहन राय : कुरैशी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के जनक और एक अथक समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि राजा राम मोहन राय ने भारत में ज्ञानोदय एवं उदार सुधारवादी आधुनिकीकरण के युग की शुरुआत की। राजा राम मोहन राय का योगदान भारतीय समाज को आधुनिक भारत की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनका दृष्टिकोण और विचारधारा ने भारतीय राजनीति और सामाजिक सुधारों में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। राजा राम मोहन राय का जन्म 22 मई 1772 को बंगाल के राधानगर में एक रूढ़िवादी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा फारसी और अरबी भाषाओं में पटना में हुई, जहां उन्होंने कुरान, सूफी रहस्यवादी कवियों की रचनाओं तथा प्लेटों एवं अरस्तु की पुस्तकों के अरबी संस्करण का अध्ययन किया। बनारस में उन्होंने संस्कृत भाषा, वेद और उपनिषद का भी अध्ययन किया।राम मोहन राय पश्चिमी आधुनिक विचारों से बहुत प्रभावित थे ।

---

● सिविक सेंटर में पांच दिवसीय इवेंट , हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव

# सरकारी योजनाओं के लिए महिलाओं को अवेयर करने क्विज नृत्य, गायन और कविता पाठ करने वाले श्रेष्ठ को मिला सम्मान

सरकारी योजनाओं के लिए अवेयर करने एक अनोखा इवेंट आयोजित किया गया। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं को योजनाओं से जुड़ी जानकारी दी गई। उनके लिए क्विज, नृत्य, गायन और कविता पाठ का आयोजन किया गया। श्रेष्ठ प्रतिभागी सम्मानित किए गए। इस दौरान प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सिविक सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शाम के समय आम नागरिकों और युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया गया है। रोचक गतिविधियों और खेल-खेल में महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**भिलाई ।** जिला स्तरीय एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम में रेडियो जॉकीज़ के अनिमेश जैन ने विभिन्न रोचक गतिविधियों का संचालन किया गया, जिससे माहौल में जीवंतता बनी रही। स्थानीय कलाकारों ने मंच पर नृत्य, गायन और कविता पाठ जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इवेंट का प्रमुख आकर्षण रहा शासकीय योजनाओं पर आधारित क्विज और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता। प्रश्नोत्तरी में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, प्रधानमंत्री आवास जैसी प्रमुख योजनाओं से जुड़े प्रश्न शामिल किए गए थे। इस अवसर पर सुशासन तिहार से जुड़ी जानकारी भी दी गई। सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह इन योजनाओं ने उनकी ज़िंदगी को बेहतर बनाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान भारत और नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना जैसी योजनाओं ने आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की एक हितग्राही महिला उमा ने बताया कि पहले वह कच्चे मकान में रहती थीं, जिससे उन्हें बारिश और गर्मी के मौसम में काफी परेशानी होती थी। अब पक्का मकान मिलने से उनका परिवार सुरक्षित और सुखमय जीवन जी रहा है। कृषक पवन साहू ने बताया कि उन्हें सरकार की तीन योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बेचा और दो साल का बोनस भी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस आय से उन्होंने कृषि कार्य के लिए अत्याधुनिक मशीनें खरीदीं। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उन्हें 5 लाख रूपए तक का निशुल्क इलाज भी मिल रहा है। अनिता जो कि एक मोटर शॉप में काम करती हैं ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि को बचत खाते में जमा किया और उसी पैसों से तीर्थ यात्रा की। उन्होंने कहा कि यह योजना कामकाजी महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत है। वहीं नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित सुमिता यादव ने बताया कि अब उन्हें बच्चों की पढ़ाई के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। छात्रवृत्ति से बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी है।











### सुशासन का महत्व और सरकारी सिस्टम से भी कराया अवगत

इस जानकारी पूर्ण प्रतियोगिता के माध्यम से आम जनता को सुशासन के महत्व से जोड़ना, शासन की योजनाओं की जानकारी देना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। इसके अलावा लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभों से अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को स्थानीय दुकानों और स्टॉल्स की ओर से डिस्काउंट वाउचर, कूपन प्रदान किए गए। साथ ही लोगों को शासन की योजनाओं पर आधारित जनमन पत्रिका एवं प्रचार सामग्रियां वितरित की गई।

---

# नशाखोरी और शराब के बढ़ते चलन के विरोध में महिलाएं चलाएंगी अभियान, बैठक में निर्णय



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा से जुड़ी महिलाएं शहर सहित जिले में बढ़ती नशाखोरी और शराब के बढ़ते चलन पर अंकुश लगाने अभियान चलाएंगे। इसे लेकर हॉस्पिटल सेक्टर-9 में बैठक हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुक्ति मोर्चा की अध्यक्ष निरा डेहरिया ने बताया कि सैकड़ों मजदूर महिलाएं, युवा बैठक में शामिल हुए। शराब के कारण घर-परिवार, पारा-मोहल्ला मे अशांति छाई हुई है, जिसके लिए महिला मुक्ति मोर्चा जन जागरण अभीयान चलाएगी। इस अभियान में महिला संगठन, सामाजिक संगठन, जन संगठन, किसान, मजदूर संगठनों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे की वजह से महिलाएं ज्यादा प्रताड़ित हो रही हैं। नई-नई शादी होकर दूसरे घर जाती हैं, तब कई बेटियां शराब के चलते पति से परेशान होकर घर छोड़ देती हैं। कुछ ऐसी भी घटना होती हैं, जिसमें पति की शराब के चलते मौत हो जाती है। नशा गरीबों का घर उजाड़ रहा है। हमारी आने वाली पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसे जन आंदोलन बनाना है, इसकी शुरुआत हो चुकी है। इस अवसर पर चनचम्मा, ममता, राई, लक्ष्मी, मीना, निरा डेहरिया, सारदा मेश्राम, नारायण राव, एशिया, झब्बु, देवैया, कलादास डेहरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# इंदौर में होने वाली नेटबॉल स्पर्धा के लिए दुर्ग से आठ का चयन

**भिलाई।** 31वीं सब जूनियर ट्रेडिशनल नेटबॉल प्रतियोगिता इंदौर मध्य प्रदेश में 25 से 28 मई तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम से भाग लेने के लिए दुर्ग से बालक वर्ग में विनायक पवार, रूद्ररंगारी, रिद्धिकचटर्जी, पूरब आडिल बालिका में रिया यादव, टी साईका, सोनाक्षी मडावी, रिशा सोनी इन आठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया गया है। टीम 24 मई को बिलासपुर से नर्मदा एक्सप्रेस से रवाना होगी। दुर्ग जिले से इन खिलाड़ियों के चयन होने पर भिलाई विद्यालय ग्राउंड के समस्त पदाधिकारी एवं सीनियर खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी है।



---

जिले के 32 केंद्रों में दो पालियों में हुई परीक्षा, बीएड में 3519 और डीएलएड में 4049 अनुपस्थित

# शिक्षक बनने अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, अंग्रेजी और मैथ्स ने उलझाया, परिणामों की घोषणा जल्द

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से प्री-बीएड और प्री-डीएलएड चयन परीक्षा ली गई। दुर्ग में प्री- बीएड में 66 तिशत और प्री- डीएलएड परीक्षा में 68 दी परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। पहली में प्री-बीएड की परीक्षा सुबह 10 से हर 12.15 तक हुई। परीक्षा के लिए पंजीकृत बी. परीक्षा में बीएड में 10346 परीक्षार्थियों में से 6,827 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 3519 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में प्री-डीएलएड की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4.15 बजे तक हुई। इसमें शामिल होने के लिए कुल 12,653 परीक्षार्थियों में से 8604 उपस्थित रहे, जबकि 4049 अनुपस्थित रहे।

व्यापम के निर्देशानुसार प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर कलेकटर कार्यालय द्वारा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। प्रत्येक केन्द्र पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। इन पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के संख्या के 10 फीसदी संख्या का स्वयं परीक्षा कक्षों में जाकर भौतिक रूप से दस्तावेजों का सत्यापन किया। पर्यवेक्षकों द्वारा दी गई को रिपोर्ट समन्वय केन्द्र के माध्यम से व्यापम को प्रेषित किया गया।



### फोटोयुक्त परिचय पत्र देखने के बाद ही मिली एंट्री

परीक्षा केंद्रों में शांति पूर्ण व सफलतापूवर्क बीएड-डीएलएड परीक्षा संपन्न हुई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिससे विभिन्न छात्रों को परीक्षा देने का अवसर मिला। पहली पाली में हुई परीक्षा सामग्री रिक्त पेटियों में दोपहर 2 बजे तक जमा किया जा चुका था। इसी तरह दूसरी पाली की पेटियां भी शाम 6 बजे तक जमा हो गई थी। सहायक समन्वयक ने बताया कि पहली पाली में सुबह 10 बजे के बाद और दूसरी पारी में दोपहर 2 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश नहीं करने दिया गया। इससे पहले प्रत्येक परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र और फोटोयुक्त परिचय पत्र देखने के बाद ही प्रवेश दिया गया।

### हिंदी के सवाल रहे आसान, इंग्लिश के हल करने में कठिनाई

अभ्यर्थियों ने बताया कि मैथ्स के सवालों में अभ्यर्थी काफी उलझे, जबकि शिक्षण अभिरुचि, हिन्दी से आसान सवाल पूछे गए थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि ओवर ऑल पेपर अच्छा था। कुछ प्रश्न लेंदी थे तो कुछ प्रश्न धुमावदार थे। इंग्लिश को छोड़कर सभी विषयों के सवाल काफी आसान थे। अंग्रेजी में ग्रामर तथा अनसीन पैसेज के सवाल कठिन थे, हिन्दी के सवाल भी सरल थे। इसमें उम्मीदवारों से शिक्षण सामग्री से संबंधित अधिक सवाल पूछे गए। वहीं हिंदी में आंखें बंद करने का अर्थ भी पूछा गया। इसके अलावा हमेशा पुलिंग रहने वाले शब्द से सवाल पूछे गए। योग आसन और प्राणायाम से भी प्रश्न किए गए।



## सिटी इवेंट

# वैज्ञानिक प्रो. नार्लीकर को दी गई श्रद्धांजलि, योगदानों को किया याद



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक और विज्ञान लेखक पद्म विभूषण प्रो जयंत नार्लीकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। विज्ञान सभा की ओर से आयोजित वर्चुअल श्रद्धांजलि सभा में प्रो नार्लीकर के योगदान को याद किया गया। वहीं वक्ताओं ने उनके छत्तीसगढ़ प्रवास से जुड़ी यादें भी साझा की। पं रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एस के पाण्डेय ने कहा कि न सिर्फ रायपुर और भिलाई के स्कूलों में उन्होंने वैज्ञानिक विषयों पर लोगों को जागरूक किया बल्कि बस्तर के दरभा जैसी जगहों में वे स्कूली छात्राओं से रूबरू हुए। प्रो. नार्लीकर हमेशा बच्चों को सवाल पूछने के लिए प्रेरित करते थे। यहां तक कि वे अपने ऑटोग्राफ चाहने वाले विद्यार्थियों को अपने सवाल पोस्टकार्ड पर लिखकर पूछने के लिए प्रेरित करते थे और ऐसी चिट्ठियों का प्राथमिकता से जवाब देते थे। उन्हीं सवालों के जवाब पर उनकी पुस्तक \₹साइंस बाई पोस्टकार्ड\₹ प्रकाशित हुई थी। बस्तर में उन्होंने जादू टोने के बारे में एक छात्रा के सवाल का जवाब देते हुए विस्तार से हमारे बीच व्याप्त अंधविश्वास का खंडन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी महिला टोनही नहीं होती। प्रो. पांडेय ने कहा कि उनकी मृत्यु से पूरी दुनिया ने अपने एक बहुमूल्य वैज्ञानिक और विज्ञान संचारक को खो दिया है। छग विज्ञान सभा के पूर्व अध्यक्ष और प्रसिद्ध टैक्सनॉमिस्ट प्रो एम एल नायक ने 1984 में रविशंकर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में आयोजित उनके व्याख्यान के बारे में बताते हुए संस्मरण याद किये। विज्ञान सभा के वरिष्ठ सदस्य विनोद कुमार लाल ने बताया कि बीएचयू से गणित में ग्रेजुएशन करने के बाद वे कैमब्रिज यूनिवर्सिटी चले गए। उन्होंने अपने प्रोफेसर फ्रेड हायल के साथ यूनिवर्स की उत्पत्ति और विस्तार पर स्टडी स्टेट थ्योरी का सिद्धांत प्रतिपादित किया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने बताया कि प्रोफेसर जयंत नार्लीकर और डॉ मंगला नार्लीकर स्कूली बच्चों के साथ बिल्कुल घुलमिल जाते थे।

- प्रो. नार्लीकर के साथ बहुमूल्य वैज्ञानिक और विज्ञान संचारक को खो दिया दुनिया ने

भिलाई में उनका लेक्चर भिलाई स्टील प्लांट और छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। वहां पूरा हाल भरा हुआ था साथ में लोग खिड़कियों और दरवाजों पर भी खड़े होकर उन्हें सुन रहे थे। मध्यप्रदेश विज्ञान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ एस आर आजाद ने वैज्ञानिक सोच और जागरूकता बढ़ाने के लिए उनके साक्षात्कार के कुछ अंशों को पढ़कर सुनाया। इस श्रद्धांजलि सभा को विज्ञान सभा के सचिव डॉ वाय के सोना, आयुका रिसोर्स सेंटर के प्रभारी और एस्ट्रो फिजिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नंद कुमार चक्रधारी, सेंटर ऑफ बेसिक साइंस के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मीकांत चावरे और सी बी एस के सुरेश कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस शिक्षा सत्र में प्रदेश के शिक्षा संस्थानों में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा प्रोफेसर जयंत नार्लीकर स्मृति व्याख्यानों का आयोजन किया जाएगा।

## समाज इवेंट

# शिक्षित बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा निशुल्क प्रशिक्षण



**दुर्ग।** विभिन्न क्षेत्र में उत्तीर्ण ग्रेजुएट शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने दुर्ग में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली को देश में स्थापित एमएसएमई से संबंद्ध करोड़ों उद्योगों को भारतीय गुणवत्ता परिषद् द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया है। जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में उत्तीर्ण ग्रेजुएट शिक्षित बेरोजगारों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेंदारी भारतीय श्रम सहकारी समिति निभा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग को केन्द्रीय सहकारी बैंक के सभागार में युवाओं को औद्योगिक विकास के साथ गुणवत्ता युक्त उत्पादन के विस्तार से जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट की जानकारी दी गई। इस दौरान में सौ से भी अधिक युवाओं ने शिरकत की। छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायपुर के बाद दुर्ग में केन्द्रीय सहकारी बैंक के सभागार में सौ से भी अधिक युवाओं ने भाग लेकर भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली द्वारा जारी ऑनलाइन वीडियों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्हें वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में औद्योगिक विकास के साथ गुणवत्ता युक्त उत्पादन कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सुझाव दिया गया। भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली एवं भारतीय गुणवत्ता परिषद् से प्रशिक्षित इंजीनियर छत्तीसगढ़ प्रभारी सदस्य पंकज उम्बरे ने सभी युवाओं का विस्तार से (जेडईडी) जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित युवाओं के प्रश्नों का विस्तारपूर्वक समाधान किया। इस अवसर पर भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखन लाल साहू ने बताया कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए छग के युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे स्वयं के पैरों पर खड़ा हो सके और पर्याप्त आय अर्जित कर सकें। प्रमुख उपस्थितों में दिनेश संचेती, कांति लाल जैन, राजकुमार उपाध्याय, अविनाश साहू, नारायण बघेल, रमेश धृतलहरे, गणेश प्रसाद साहू, संजीव सिंह, योगेन्द्र निर्मलकर, राजेश शर्मा, मिनल हिरवानी, अशोक पंडा, कुसुमलता, बबलू, आर. एन. रामराव उपस्थित थे।

- जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट की दी गई जानकारी




● जगह-जगह आयोजित समर कैंप में बच्चे निखार रहे अपनी प्रतिभाएं

# गैजेट्स और स्क्रीन के आदी हुए बच्चों के लिए बेहतर विकल्प समर कैंप, बच्चों के साथ बड़े भी निखार रहे हैं अपना हुनर

**भिलाई।** गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे बोर न हो इसके लिए इन दिनों जगह-जगह समर कैंप लगे हुए हैं। इनमें बच्चे अपनी रूचि के अनुसार बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। कोई पेटिंग बनाना सीख रहा है तो कोई डांस में अपनी रूचि दिखा रहा हैं। यही नहीं कोई गिटार के साथ ही आत्मरक्षा के लिए कराटे के गुर सीख रहे है। इन समर कैंप में बच्चे खूब लुत्फ उठा रहे हैं। डिजीटल युग में विभिन्न गेजेट्स से बच्चों को दूर रखने पेरेन्ट्स भी उन्हें उनकी रुचि के अनुसार अलग-अलग समर कैंप से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन डिजिटल युग में स्क्रीन के आदी हुए बच्चों को समर कैंप में लाने के लिए पेरेंन्ट्स व ट्रेनर्स को भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्विनसिटी में भी जगह-जगह समर कैंप का आयोजन किया गया है। रिसाली ठेठवार भवन में नृत्य कला मंदिर एकेडमी द्वारा हर साल का तरह इस बार भी आयोजित समर कैंप में जहां ढाई से सत्रह साल तक के बच्चें विविध कलाओं में पारंगत होने क्लास ज्वाइन किए है वहीं उनके साथ साथ उनकी माताएं भी डांस व एरोबिक सीखने काफी रुचि दिखा रही हैं। एकेडमी की डायरेक्टर रानी नंदिनी का कहना हैं कि बच्चों के लिए गर्मियों की छुट्टियों का खास महत्व होता है। बच्चे इसका पूरे साल भर इंतजार करते हैं। कैंप में बच्चों का मानसिक के साथ शारीरिक विकास होता है। घर में रहकर बच्चे भी बोर हो जाते हैं। इसलिए कैंप में भेजने से बच्चों का मनोरंजन भी हो जाता है और उनकी मम्मी भी अपनी प्रतिभा को निखारने लगी रहती है। स्थानीय निवासी सुमन ने बताया कि गर्मी छुट्टी में हमेशा अक्सर घुमने जाते थे, लेकिन इस बार कहीं घुमने नहीं जा पाए, इसलिए बच्चे को समर कैंप में स्केटिंग सीखने के लिए भेज रहे हैं और उनका बच्चा स्केटिंग के गुर सीख रहा है। इससे बच्चे की छुट्टियां बेहतर तरीके से कट रही हैं। सेक्टर 10 रहने वाली खुशबू बताती हैं कि समर कैंप की फीस पहले से अधिक बढ़ गई है। लेकिन, बच्चों को कुछ सिखाना है तो भेजना जरूरी है। बच्चे की डांस में रूचि है तो उसे डांस सिखा रहे हैं।





### सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग से होंगे मजबूत

शिक्षिका रानी नंदिनी ने बताया कि समर वीकेशन लड़कियों के लिए एक खास अवसर रहता है। एक से डेढ़ महीने में सेल्फ डिफेंस की बेसिक ट्रेनिंग की जा सकती है। शहर के विभिन्न क्लब, मैदान और स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग ले सकते हैं। ट्रेनिंग के दौरान सेल्फ डिफेंस के बेसिक मूवमेंट, अटैक, डिफेंसिंग ब्लॉक आदि सीखा जा सकता है। इसके लिए बाहर प्रति महीने कम से कम 500 से 1000 रुपये खर्च करने पड़ते है।



### ड्रांइग, पेंटिग, मेहंदी व डांस में अधिक रुचि

4 जून तक चलने वाले इस समर कैंप में बच्चें अपनी प्रतिभाओं को निखारने ड्राईग, पेंटिग, ग्लास पेंटिग, कैलिग्राफी, पब्लिक स्पीकिंग, रंगोली, मेंहदी, फायरलैस कुकिंग, क्राफ्ट, आरीगेमी के साथ ही फ्री स्टाईल डांस, फोक, सालसा, टेंपटेटरी सहित बैली डांस नृत्य गुरु रानी नंदिनी द्वारा सिखाया जा रहा है।

### बच्चों को गैजेट्स से दूर रखना जरुरी

बच्चों को ड्रांइग की ट्रेनिंग देने वाली ट्रेनर रंगोली ट्रेनर आर के भीमा, मेंहदी ट्रेनर रुपल गुप्ता, स्मिता कश्यप आर्ट एंड क्राफ्ट,आंकाक्षी ड्राइंग, डांस ट्रेनर ऊषा चंद्राकर, इंदु, सविता और भूपेश्वरी ने कहा कि सोशल मीडिया व मोबाईल के युग में बच्चों को समर कैंप तक लाने में काफी एनर्जी लगती है। बच्चें मोबाईल छोड़ना नही चाहते और पेरेन्ट्स चाहते है कि उनका बच्चा सभी एक्टीविटी में निपुण हो जाए। लेकिन बच्चें मोबाईल के इतने आदि हो चुके है कि वे बड़ी मुश्किल से 2 घंटे तक कैंप में सीखने के बाद घर पहुंचते ही प्रेक्ट्रिस न कर मोबाईल में फिर से लग जाते है और पेरेंट्स भी उन्हें मोबाईल दे देते है और बच्चा अपनी 2 घंटे में सीखी गई एक्टीविटी भूल जाता है। बच्चे मनोरंजन के लिए मोबाईल देखते है लेकिन उन्हें यह समझाना ज्यादा जरुरी है कि समर कैंप में उनका मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। जो मोबाईल व अन्य गैजेट्स से संभव नही है।



## आयोजन...

# बाल विवाह, सुरक्षा और नशा मुक्ति पर किया नुक्कड़ नाटक, सामाजिक मुद्दों पर किया जागरुक



**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ठगड़ा बांध न्यू पुलिस लाइन के पारा स्थित उड़यि बस्ती स्लम क्षेत्र में शुक्रवार शाम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईसीपीएस, आईसीडीएस तथा एनजीओ स्टार फाउंडेशन की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। शाम को आयोजित इस नुक्कड़ नाटक में बस्तीवासियों को गुड-टच, बैड-टच की समझ, बाल विवाह की हानियां और नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। साथ ही कोई बच्चा यदि श्रमिक के रूप में कार्य करते, भीख मांगते हुए या सड़क जैसी परिस्थितियों में मिले, ऐसे बच्चों के लिए चौबीस घण्टे टोल फ्री नम्बर 1098 पर तुरन्त सूचित करने की अपील की गई। बाल विवाह के बारे में बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इस दौरान सभी को जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। अगर कोई 21 वर्ष से कम आयु के लड़के 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता या कराता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास या 1 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है, तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है। इस दौरान बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन दुर्ग में संपर्क करने बाल विवाह रोकने को कहा गया। बाल विवाह से बच्चो की मनोदशा पर विपरीत प्रभाव पड़ने की भी जानकारी दी गई। इस दौरान बाल विवाह को रोकने पर शपथ दिलाई गई।



## महाराष्ट्र स्नेह मंडल नेहरु नगर भिलाई का आयोजन

# लावणी व नृत्य नाटक कर नई पीढ़ी को महाराष्ट्र की संस्कृति और विरासत से कराया अवगत



**भिलाई।** महाराष्ट्र स्नेह मंडल नेहरु नगर भिलाई द्वारा महाराष्ट्र दिवस समारोह का आयोजन कर महाराष्ट्र दिवस सेलिब्रेट किया गया। सियान सदन नेहरू नगर में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से नई पीढ़ी को महाराष्ट्र की समृद्ध संस्कृति और विरासत से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस के डायरेक्टर डॉ. प्रताप बी देशमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्नेह मंडल के साथ-साथ महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 महिला शाखा, अलंकार सांस्कृतिक समूह हुडको, सखी महिला मंच नेहरु नगर, चित्तपावन ग्रुप दुर्ग के कलाकार सदस्यों द्वारा महाराष्ट्रीय संस्कृति की विभिन्न विधाओं अभंग, भारुड, जोगवा, लावणी के साथ ही मराठी देशभक्ति गीत, कृष्ण-लीला नृत्य-नाटिका, कथा कथन, हास्य प्रहसन व महाराष्ट्र राज्य गीत इत्यादि की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि डॉ प्रताप देशमुख ने महाराष्ट्र की लोक परंपरा के विभिन्न अनछुए पहलुओं को उजागर करते हुए उससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेने और आगे ले जाने की सीख दी गई। महाराष्ट्र स्नेह मंडल के अध्यक्ष उदय मानकर ने मंडल के आगे होने वाले सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए समाज के सभी लोगों से इसमें सहभागिता की अपील की। इस कार्यक्रम में मंडल के संरक्षक सुधीर कोन्हेर व कोषाध्यक्ष विजय बक्षी, अजय कुलकर्णी, हर्षवर्धन वझे, दर्शना वझे, रोहिणी पाटणकर, मंडल के कार्यकारिणी सदस्य एवं विभिन्न मंडल के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा मंडल की महिला शाखा की अध्यक्ष डॉ. अनघा आगाशे और मंच संचालन आभा नेवालकर व प्रशांत देशपांडे द्वारा किया गया। अतिथियों का आभार स्वाति हिरवे ने किया।

**लावणी के साथ ही मराठी देशभक्ति गीत, कृष्ण-लीला और नृत्य-नाटिका की दी प्रस्तुति**

## आपरेशन सिंदूरः उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर प्रबुद्ध परिषद की संगोष्ठी

# सैन्य कार्रवाई कर देश की समस्याओं को अपनी शर्तों पर ही सुलझाएंगे का दिया अंतरराष्ट्रीय संदेश

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** पहलगाम में हुए हिंदुओं पर आतंकवादी हमले के अहम मुद्दे पर प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा ऑपरेशन सिंदूर उपलब्धियां व चुनौतियां, एक विवेचन विषय पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन लक्ष्य प्रकल्प के सेक्टर 4 भिलाई परिसर के सभागार में आयोजित किया गया था। इस बौद्धिक कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहिका प्राजक्ता देशमुख, प्रोफेसर डॉ विकास पंचाक्षरी व सामाजिक कार्यकर्ता डी वी गिरी ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरुआत अंजनी द्विवेदी द्वारा एकल गीत से की गई। श्री गिरी ने अपने उद्बोधन में आपरेशन सिंदूर के पश्चात भारतीय सियासी गलियारे में घटित घटनाक्रमों को सिलसिलेवार ढंग से प्रस्तुत किया।



### युद्ध का अंतिम उद्देश्य होता है शांति

उन्होंने बताया कि पूर्व में आतंकवादी घटनाएं होने पर भारतीय एजेंसी का काम सबूत जुटाना, डोजियर सौंपना, एक पारंपरिक जवाबी कार्रवाई का हिस्सा हो गया था। आपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई से हम अपनी समस्याओं को अपनी शर्तों पर ही सुलझाएंगे का एक अंतरराष्ट्रीय संदेश दिया गया। डॉ विकास पंचाक्षरी ने आपरेशन के बाद उपजी चुनौतियों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि युद्ध का अंतिम उद्देश्य शांति होता है। इस युद्ध ने मित्र के रूप में अभिनय करने वाली एक महाशक्ति की भूमिका की असलियत को सबके सामने खोल कर साफ कर दिया। ऐसे मित्र से सावधान होने की जरूरत है। डॉ. पंचाक्षरी ने एलिमेंट ऑफ सरप्राइज का जिक्र किया। यानी एक ऐसा हमला जिसके बारे में दुश्मन सोच भी न सके। जैसा कि अमेरिका में 9 /11 के समय हुआ था। 2014 के बाद की रक्षा गतिविधियों का विश्लेषण करें तो बहुत स्पष्ट होता है कि हमारा देश तमाम तरह की सैन्य चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम और आत्मनिर्भर हो चुका है।

### जो लोग सेना की कार्रवाई का सबूत मांग रहे हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण

राजनीतिक चुनौतियों की चर्चा करते हुए डॉ पंचाक्षरी ने कहा कि जो लोग पहले हर घटना के पीछे विदेशी हाथ को ही दोषी ठहारते थे, आज वही लोग सेना की कार्यवाही का सबूत मांग रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए पहले टाडा व पोटा कानून लाया गया था । कालांतर में अनावश्यक वाद-विवाद होने के पश्चात उन्हें वापस ले लिया गया। हमें आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कड़े कानून की जरूरत है । भारतीय विरोधियों की पहचान करना है। मजबूत सिविल डिफेंस बनाने की भी वकालत उन्होंने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राजक्ता देशमुख ने कहा कि इस चर्चा में हुई जानकारी काफी अच्छी रही। हमें भारत के बाहरी शत्रु के साथ-साथ आंतरिक शत्रुओं का भी मुकाबला करना है जो भारत देश में रहकर भारत के हितों के खिलाफ संगठित तौर पर काम करते हैं। यह राष्ट्र के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण चुनौती है। हेमंत नायडू ने प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ की गतिविधियों पर विस्तार से परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रचना नायडू ने किया व आभार प्रदर्शन डॉक्टर अनुज नारद ने किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र से किया गया । समारोह में विजय मैराल, प्रांत संयोजक अतुल नागले, यश ओबेरॉय, संजय कुमार मिश्र, अजय डांगे, विकास पाण्डे, रवि धारकर, अश्वनी नागले, विनोद कुमार मिश्र, निशू पाण्डेय सहित अनेक प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेस्ट जोन और नार्थ जोन ने जीते अपने-अपने मैच




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर महिला एवं अंडर 23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार को रोमांचक खेल का नजारा दर्शकों को देखने मिला। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध वेस्ट जोन ने 19 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन 4 विकेट पर निधि सूर्यवंशी ने 126 रन, संजिता पटेल ने 47 रन नॉट आउट, कृति गुप्ता ने 21 रन और सेजल वर्मा ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की ख्वाब नागवानी, तानिया बेरिया एवं दीप्ति ढीमर ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 6 विकेट पर 107 रन बनाए। जिसमें शिवानी कृष्णा ने 30 रन, सोनाली यादव ने 21 रन और रूमा दास ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की कनिका मिश्रा ने 4 विकेट, निशा वर्मा एवं रिमी गिडियान ने एक- एक विकेट लिए।

सीनियर विमेंस अंडर 23 टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम वेस्ट जोन ने सेंट्रल जोन के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन की टीम ने 5 विकेट पर 112 रन बनाए। जिसमें मानश्री मौर्य ने 36 रन और मनप्रीत कौर गिल ने नॉट आउट 15 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन से संजीता पटेल, प्रिया साव, श्वेता देवांगन और कृति गुप्ता ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 3 विकेट पर 116 रन बनाए। जिसमें कृति गुप्ता ने नॉट आउट 44 रन, निधि सूर्यवंशी ने 28 रन, सेजल वर्मा ने 19 रन और संजीता पटेल ने नॉट आउट 18 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की मोनिका ढीमर एवं मनस्वी निर्मलकर ने एक-एक विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध नॉर्थ जोन ने 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 8 विकेट पर 112 रन बनाए। जिसमें शिवानी कृष्णा ने 42 रन और मानसी उपाध्याय ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की प्रतिज्ञा सिंह एवं दीप माला मिंज ने दो-दो विकेट लिए। किरण वर्मा ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने तीन विकेट पर 115 रन बनाए। जिसमें कल्पना पांडे ने 42 रन, हरप्रीत कौर कलसी ने 29 रन और शिवी पांडे ने नॉट आउट 24 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की दीप्ति ढीमर ने एक विकेट लिए।


### सीसीपीएल के दूसरे संस्करण का ट्रॉफी टूर आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा



छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन 06 जून से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जाना है। सीसीपीएल के दूसरे संस्करण की ट्राफी टूर 24 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। उक्त ट्राफी टूर कांकेर, बिलासपुर, रायगढ, राजनांदगांव, सरगुजा तथा रायपुर के प्रमुख स्थानों में प्रदर्शित किया जायेगा। इसके पहले 21 मई को सीसीपीएल के दूसरे संस्करण की ट्रॉफी, टीम एवं जर्सी का अनावरण रायपुर में किया जा चुका है। ट्रॉफी टूर में 23 मई कांकेर, 25 मई राजनांदगांव, 28 मई बिलासपुर, 30 मई रायगढ़ और एक जून अंबिकापुर शामिल हैं।

### जिला फुटबॉल संघ बनाएगा रैफरी, आवेदन 6 जून तक



दुर्ग जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जिले में फुटबॉल निर्णायक (रैफरी) बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 बोर्ड परीक्षा पास होना एवं न्यूनतम उम्र 15 वर्ष होना अनिवार्य है । अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरना होगा। जिला फुटबॉल संघ द्वारा सभी फुटबॉल क्लब को लिंक उपलब्ध कराई गई है इस लिंक के द्वारा सभी आवेदक आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 6 जून है। अन्य आवेदक जिला फुटबॉल संघ से भी संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

### नेशनल क्रिकेट एकेडमी के इंटर सीओई टूर्नामेंट हेतु महक चयनित

**रायपुर।** ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 (महिला वर्ग) इंटर सीओई टुर्नामेंट हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। उक्त टुर्नामेंट 30 मई से 09 जून तक अहमदाबाद में आयोजित किया जायेगा। महक टुर्नामेंट में टीम डी का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके पूर्व अप्रैल में नेशनल क्रिकेट एकेडमी के एलीट कैंप में भी महक का चयन हुआ था।

---

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताए संकेत, इनमें से चार भी हैं तो हो सकता है टीबी; तुरंत कराएं जांच**

# तपेदिक का खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं, सावधानी ही इसके बचाव का रास्ता

टीबी या तपेदिक एक संक्रामक रोग है जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए 10 लक्षण बताए हैं, जिनपर ध्यान देते रहना सभी के लिए जरूरी है। अगर इनमें से कुछ हफ्तों से 3-4 लक्षण भी बने हुए हैं तो इसकी जांच जरूर कराएं।

ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) एक गंभीर संक्रामक रोग है इसके मामलों में पिछले कुछ वर्षों में उछाल देखा गया है। भारत ने इस साल (2025) तक देश से टीबी उन्मूलन या टीबी को खत्म करने का लक्ष्य बनाया था, हालांकि जिस तरह से हाल के वर्षों में मामलों में उछाल आया है इससे ये लक्ष्य काफी दूर नजर आ रहा है।

भारत ने अपने व्यापक प्रयासों से टीबी को नियंत्रित करने के प्रयास जरूर किए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2015 में प्रति एक लाख लोगों पर 237 लोगों में टीबी का पता चलता था जो 2023 में घटकर 195 रह गया है। नए मामलों में 17.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो वैश्विक स्तर पर टीबी के मामलों में आ रही कमी से दोगुनी से भी अधिक है। बावजूद इसके भारत के लिए अभी से इसका उन्मूलन दूर नजर आता है।



### टीबी से मौत के मामलों में आई है कमी

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संसद में बताया था कि- 2015 की तुलना में 2023 में टीबी के कारण होने वाली मौतों में भी 21 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सरकार के निरंतर प्रयासों के चलते देश में टीबी उपचार कवरेज भी 32 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। बड़ी संख्या में लोग ऐसे भी हैं जिन्हें बीमारी तो है पर उनका निदान नहीं किया गया, ऐसे लोगों का पता लगाने और उपचार प्रदान करने की दिशा में भी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। टीबी को देश से खत्म करने के लिए सभी लोगों को साथ आने का भी आह्वान किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं इसके लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना, समय पर निदान और इलाज करना बहुत जरूरी है।

### टीबी के इन लक्षणों को जरूर जानिए



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए 10 लक्षण बताए हैं, जिनपर ध्यान देते रहना सभी के लिए जरूरी है। अगर इनमें से कुछ हफ्तों से 3-4 लक्षण भी बने हुए हैं तो इसकी जांच जरूर कराएं। समय पर टीबी की पहचान होने पर रोग के गंभीर रूप लेने का खतरा कम हो सकता है।

टीबी के लक्षणों में लगातार दो हफ्ते तक खांसी , शाम को बुखार,वजन का तजी से कम होना,थूक के साथ खून आना,रात को पसीना आना,थकान और कमजोटी महसूस होना,शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना,सीने में दर्द हाल में हुए शारीरिक बदलाव और सांस से संबंधित क्रॉनिक बीमारी शामिल है।

स्वास्थ्य मंत्रालय कहता है, टीबी का इलाज संभव है, स्वस्थ भविष्य के लिए आज ही कदम उठाएं और लक्षणों की पहचान करके समय रहते इलाज प्राप्त करें। टीबी के बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-11-6666 पर कॉल भी कर सकते हैं।



### किन्हें टीबी का खतरा अधिक

टीबी या तपेदिक एक संक्रामक रोग है जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों को भी इससे नुकसान पहुंच सकता है। यह रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है। कई स्थितियों में देखा गया है कि रोग शरीर में मौजूद होता है लेकिन कोई लक्षण नहीं दिखते। यह स्थिति वर्षों तक बनी रह सकती है और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने पर सक्रिय रूप ले सकती है। डॉक्टर बताते हैं, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र वाले लोग जैसे एचआईवी/एड्स, कुपोषण, डायबिटीज, कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार लोगों को टीबी होने का खतरा अधिक होता है।

---




## एसी ने बढ़ा दिया है बिजली का बिल? फटाफट लगवा लें स्मार्ट गैजेट्स

क्या एसी ज्यादा चलाने की वजह से आपका भी बिजली का बिल बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आप बिजली की खपत को कम करने के लिए ऐसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवा सकते हैं। इससे बिल कम हो सकता है। आइए जानें, एसी की वजह से बिल ज्यादा आए, तो क्या करें?

गर्मियां चरम पर हैं। पंखे और कूलर से भी गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग घरों में एसी लगवा रहे हैं। एसी लगवाना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन इसका बिजली बिल भरना काफी मुश्किल हो जाता है। एसी ज्यादा चलाने से बिल बढ़ता है और घर का बजट तक बिगड़ जाता है। अक्सर लोग बिल देखकर ही पसीना-पसीना हो जाते हैं।

अगर बिजली का बिल बढ़ जाए, तो एसी चलाते हुए भी डर लगने लगता है। अगर आपका भी एसी घंटों तक चलता है और एयर कंडीशनर की वजह से आपके बिजली का बिल बढ़ रहा है, तो आपको अपने घर में एसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवाने चाहिए। इससे आपके बिजली के बिल में कमी आ सकती है। आइए जानें, एसी से आने वाले बिल को कैसे कंट्रोल करें?

### स्टेबलाइजर लगवाएं



एसी चलाते हुए स्टेबलाइज जरूर लगवाएं। इससे एसी की लाइफ बढ़ेगी, साथ ही आपके बिजली का बिल भी कम होगा। भारत में बहुत-सी जगहों पर बिजली की सप्लाई ऊपर-नीचे होती रहती है। ऐसे में एसी के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। वोलटेज के असर से एसी के कम्प्रेसर पर लोड पड़ता है। इससे बिजली का बिल बढ़ जाता है। ऐसे में स्टेबलाइजर जरूर लगवाएं।

### स्मार्ट प्लग

बहुत से घरों में अभी भी पुराने वाले एसी लगे हैं। इन्हें अगर रातभर चलाया जाए, तो बिजली का बिल सीधे आसमान छूने लगते है। ऐसे में आप स्मार्ट प्लग का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस प्लग की मदद से आप अलग-अलग टाइमर सेट कर सकते हैं। इससे एसी पूरी रात नहीं चलेगा, बल्कि अपने फिक्स टाइम पर ऑन ऑफ होगा।

सोलर पैनल लगाएं

एसी के बिजली बिल को कम करने के लिए आप सोलर पैनल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ये वन टाइम इनवेस्टमेंट है। एक बार इसे लगाने पर आप 20 से 25 सालों तक इसका फायदा उठा सकते हैं। इसकी मदद से आप घर के कई इलेक्ट्रिक उपकरणों को बिना बिजली बिल बढ़ाए यूज कर सकते हैं।

### स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर

अक्सर एयर कंडीशनर का इन-बिल्ट थर्मोस्टैट बहुत अच्छी क्वालिटी का नहीं होता। ऐसे में आप स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर लगवा सकते हैं। इससे एसी वाले कमरे का तापमान खुद कंट्रोल होगा। इसे आपको बेवजह एसी नहीं चलाना होगा और इस तरह से आप बिजली की खपत को कम कर सकते हैं।



---

## राजनांदगांव और प्लेट कंबाइंड की जीत



■ अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को तीसरे दिन के मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बीएसपी के विरुद्ध राजनांदगांव ने 94 रन से जीत हासिल की और छह अंक किए। बल्लेबाजी में बीएसपी की टीम दूसरी पारी में दो विकेट पर 35 रन से आगे खेलते हुए 98 रन पर आउट हो गई। जिसमें ईशान झा ने 23 रन, अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने 19 रन और तुषय प्रजापति ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में राजनांदगांव के अर्श वीर सिंह भाटिया ने 5 विकेट लिए।

धमतरी में टीम प्लेट कंबाइंड ने रायपुर के विरुद्ध 10 विकेट से जीत हासिल की और 7 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम दूसरी पारी में 126 रन पर आउट हो गई। जिसमें श्लोक प्रधान एवं यश यदू ने 17-17 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर के मोहम्मद सैफ खान ने चार विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर की टीम दूसरी पारी में 54 रन पर आउट हो गई। जिसमें वासु राव ने 17 रन और आर्यन अग्रवाल ने 13 रन नबाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के गणेश नागवानी ने 5 विकेट, यश यदू ने 3 विकेट और तन्मय वरडाने ने 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी बिना कोई विकेट खोए 15 रन बनाए। जिसमें अनिकेत कुजुर् ने नाट आउट 10 रन और सौमिक देव झा ने नॉट आउट 5 रन बनाए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 भिलाई में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी में तीन विकेट पर 7 रन से आगे खेलते हुए 83 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद अजान आलम ने 39 रन और अरहम नाहर ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के यथार्थ सिंह चौहान ने पांच विकेट परमित सिंह ढल्ला ने 3 विकेट और सोहम सिंह ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 13 रन बनाए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम दुर्ग ने बिलासपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 9 विकेट पर 172 रन बनाए। जिसमें चंद्रयांश यादव ने 50 रन, मोहम्मद मनन कुरैशी ने नॉट आउट 45 रन और जतिन मुकेश ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के आदित्य बेडवाल अनंत प्रताप सिंह एवं चेतन कुमार ने दो-दो विकेट लिए।

---

## ज्यादा बटर खाना कहीं सेहत पर पड़ न जाए भारी



अच्छे गुणवत्ता वाले बटर का सीमित मात्रा में सेवन करना सेहत के लिए लाभप्रद माना जाता है। हड्डियों और थायरॉइड के लिए इसके कई प्रकार के लाभ हैं, पर इसका अधिक मात्रा में सेवन शरीर को कई तरह से नुकसान भी पहुंचा सकती है। अक्सर फूड-ब्लॉगिंग में आपने सामान्य से खाने में भर-भर के बटर का इस्तेमाल होते हुए देखा होगा, यह देखने में तो निश्चित ही काफी गजब लगता है, पर असल में ज्यादा बटर सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। मक्खन, भले ही डेयरी उत्पाद है लेकिन इसमें फैट की मात्रा बहुत अधिक होती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मक्खन में उच्च मात्रा में संतृप्त वसा की मात्रा होती है, जिसका अधिक सेवन रक्तचाप और हृदय से संबंधित कई तरह की समस्याओं का कारण बनती है। बहुत अधिक मक्खन खाने का सबसे हानिकारक प्रभाव वजन बढ़ाने और मोटापा का कारण बन सकता है। आइए इससे होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### बैड कोलेस्ट्रॉल और हार्ट की समस्या

यदि आप ज्यादा मक्खन खाते हैं तो इससे बैड कोलेस्ट्रॉल का खतरा बढ़ जाता है। एक बड़े चम्मच बटर में लगभग सात ग्राम तक संतृप्त वसा की मात्रा होती है जिससे कोलेस्ट्रॉल का जोखिम रहता है। बढ़ा हुआ एलडीएल (बैड) कोलेस्ट्रॉल एथेरोस्क्लेरोसिस का कारण बनता है जिसमें धमनियों के अंदर 'प्लाक' बनना शुरू हो जाता है। इस तरह की समस्या के कारण हृदय रोगों और हार्ट अटैक का जोखिम हो सकता है।

---

**कार्नर न्यूज**

**होम वर्क न करने के बहाने ढूंढता है बच्चा तो अपनाएं ये तरीके, खुद पढ़ने बैठ जाएगा**

# समर वेकेशन का होमवर्क कराना सबसे बड़ी चुनौती इन तरीकों से अपने बच्चों को करें इसके लिए तैयार

अभिभावकों के लिए यह चुनौती होती है कि वे बच्चे को बिना तनाव या ज़बरदस्ती के पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। यदि आपका बच्चा भी गर्मी की छुट्टियों में होमवर्क करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।

गर्मियों की छुट्टियों का बच्चे बेसब्री से इंतजार करते हैं। यह उनके लिए मौज मस्ती के दिन होते हैं। हालंकि गर्मी की छुट्टियों में स्कूल से बच्चों को होम वर्क मिलता है, ताकि वह अपनी छुट्टियों में कुछ वक्त निकालकर पढ़ाई भी करें। लेकिन बच्चों के लिए स्कूल से मिला हुआ होमवर्क किसी पनिशमेंट से कम नहीं होता। जब भी उनसे हॉलीडे होमवर्क करने को कहा जाता है, वह अक्सर बाद में करेंगे, कह कर टाल जाते हैं। अभिभावकों के लिए यह चुनौती होती है कि वे बच्चे को बिना तनाव या ज़बरदस्ती के पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। यदि आपका बच्चा भी गर्मी की छुट्टियों में होमवर्क करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।

खेल-खेल में पढ़ाई को बनाएं मजेदार

बच्चों को लंबे समय तक गंभीरता से बैठकर पढ़ाई करना उबाऊ लग सकता है। ऐसे में आप होमवर्क को गेम की तरह पेश करें। जैसे, गणित को पहेलियों में बदलना, अंग्रेजी को फ्लैश कार्ड से पढ़ाना या



कविता याद करने के लिए गाने की धुन का इस्तेमाल करना।

### पढ़ाई का समय तय करें

हर दिन का एक निश्चित समय पढ़ाई के लिए निर्धारित करें। यह आदत बच्चे में अनुशासन लाती है। साथ ही जब बच्चा जानता है कि उसे कब पढ़ना है और कब खेलना है, तो वह पढ़ाई से भागेगा नहीं।

### काम के बाद इनाम

बच्चे को हर छोटे टास्क के बाद कोई छोटा इनाम दें। जैसे, उनका पसंदीदा स्नैक, 15 मिनट का गेम टाइम या कोई छोटा गिफ्ट। इससे बच्चा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित होगा और इसे अचीवमेंट हासिल करने का मार्ग समझने लगेगा।

### होमवर्क को टुकड़ों में बांटें

अगर होमवर्क बहुत ज्यादा है तो उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दें। एक साथ पूरा करने के बजाय हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके पूरा करवाएं। इससे बोझ कम महसूस होगा और बच्चा डरने की बजाय उसे पूरे मन से करेगा।

### तारीफ और प्रोत्साहन दें

हर छोटे प्रयास के लिए बच्चे की तारीफ करें। बच्चे को प्रोत्साहित करते रहे, आपकी तारीफ के शब्द बच्चे को पढ़ाई और होमवर्क पूरा करने के लिए प्रेरित करेंगे।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कोर्ट में हार्वे वीनस्टीन के साथ जेसिका मान का तीखा टकराव



कोर्ट में एक मुख्य गवाह जेसिका मान ने हार्वे वीनस्टीन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि 2014 में वीनस्टीन ने कैलिफोर्निया के एक होटल में उनका यौन शोषण किया। मान ने रोते हुए कहा कि वीनस्टीन ने उनसे चिल्लाकर कहा, ₹तुम मुझे एक बार₹ वीनस्टीन ने इन आरोपों से इनकार किया और कोर्ट में सिर हिलाते दिखे। गवाही के बाद मान रोते हुए कोर्ट से बाहर निकलीं। जज ने कहा कि वे कोर्ट में लोगों के व्यवहार को नियंत्रित नहीं कर सकते।

वीनस्टीन पर 2013 में न्यूयॉर्क में मान के साथ बलात्कार और 2006 में दो अन्य महिलाओं के साथ यौन शोषण का आरोप है। वे इन आरोपों में खुद को निर्दोश बताते हैं। मान ने बताया कि उनका वीनस्टीन के साथ कभी-कभी सहमति से संबंध था, लेकिन वह अक्सर हिंसक हो जाता था। वीनस्टीन 2017 में MeToo आंदोलन के बाद बदनाम हो गए, जब कई महिलाओं ने उन पर यौन शोषण के आरोप लगाए। न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया में उन्हें दोषी ठहराया गया था, लेकिन न्यूयॉर्क की सजा पलटने के बाद अब दोबारा मुकदमा चल रहा है। मुकदमे में तनावपूर्ण माहौल रहा। अन्य गवाहों, जैसे मिरियम हेली और काजा सोकोला ने भी वीनस्टीन पर गंभीर आरोप लगाए। कोर्ट की कार्यवाही अभी भी जारी है, जिसमें गवाहों से गहन पूछताछ हुई।

### टॉलीवुड

## मूर्ति के पैर चूमकर इमोशनल हुए अजीत, एफ-1 रेसिंग के दिग्गज को श्रद्धांजलि देने इटली पहुंचे



अभिनय के अलावा फॉर्मूला वन रेसिंग में हिस्सा लेने वाले साउथ सुपरस्टार अजीत कुमार ने फॉर्मूला वन के दिग्गज एर्टन सेना को इटली के इमोला ट्रैक जाकर ट्रिब्यूट दिया। इस मौके पर अजीत कुमार ने सेना की मूर्ति को चूमा, जिस दौरान वो काफी इमोशनल नजर आए। फॉर्मूला वन रेसर अजीत कुमार अपने आइडियल एर्टन सेना के सम्मान में उस जगह पर पहुंचे, जहां 1994 सैन मैरिनो ग्रैंड प्रिक्स फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप रेस के दौरान एर्टन सेना की दुखद मौत हुई थी। अजीत ने सेना की मूर्ति के सामने घुटनों के बल बैठकर श्रद्धा जाहिर की और इसके बाद मूर्ति के पांवों को चूमा। इस इमोशनल पल ने एक्टर के फैंस को भी भावुक कर दिया और सुपरस्टार का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। तीन बार के फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन, एर्टन सेना की मौत एक बड़ी त्रासदी थी और अजीत कुमार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह मैसेज दिया कि रेसिंग की दुनिया में सेना का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। अजीत ने सेना की मूर्ति के पास अपने रेसिंग हेलमेट को भी रखा, जो जेस्चर अब फैंस को काफी पंसद आ रहा है। इस भावुक वीडियो पर फैंस की जबरदस्त प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। एक फैन ने कहा, 'यह इंसान अपने आदर्श के प्रति इतना सम्मान रखता है, यह दिल छूने वाला है।' वहीं, दूसरे फैन ने लिखा, 'क्या व्यक्ति है, शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।' एक और फैन ने नोट किया, 'अजीत कुमार सेना से आशीर्वाद मांग रहे हैं।'एक इंटरव्यू में एक्टर अजीत कुमार ने रेसिंग के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था, 'मैं रेसिंग से प्यार करता हूं और यह मेरे जीवन का एक हिस्सा है। मैं जानता हूं कि मेरी पत्नी शालिनी भी इस बारे में चिंतित होती है, लेकिन वह समझती है कि रेसिंग हमेशा से मेरी जिंदगी का हिस्सा रही है।'अजीत कुमार आखिरी बार फिल्म 'गुड बैड अंडरवर्ड' में नजर आए थे। इस फिल्म में वो एक्शन करते हुए नजर आए।

### भोजपुरी

## पवन के सॉन्ग 'सईया मिलल लडिकइयां' ने यूट्यूब पर उड़ाया गर्दा, फिदा हुए फैंस



पवन सिंह और नीलम गिरी के नए सॉन्ग 'सईया मिलल लडिकइयां' ने यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रखा है। गाने को रिलीज हुए महज कुछ दिन हुए हैं। लेकिन सॉन्ग को रिकॉर्डतोड़ व्यूज मिले हैं। भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह का नया गाना 'सईया मिलल लडिकइयां' हाल ही में रिलीज हुई है। इस सॉन्ग में पवन सिंह के संग नीलम गिरी नजर आ रह हैं। पवन सिंह और नीलम गिरी के इस लेटेस्ट सॉन्ग ने यूट्यूब पर गर्दा काट रखा है। सॉन्ग में लोगों को नीलम गिरी का ग्लैमरस लुक और एक्सप्रेशन बेहद ही पसंद आ रहा है। वहीं पवन सिंह भी नीलम पर फिदा होते हुए नजर आ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर पवन और नीलम का ये गाना खूब ट्रेंड कर रहा है। पवन सिंह की बात करें तो वो अपने गानों और फिल्मों को लेकर हमेशा ही सुर्खियां बटोरते रहते हैं। पवन सिंह की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बजरंगी तो चर्चा में थी ही लेकिन उनके सॉन्ग ऑपरेशन सिंदूर ने भी रिलीज होते ही कई रिकॉर्ड तोड़े। इसी बीच अब उनका नया म्यूजिक वीडियो सईया मलल लडिकइयां ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी है। भोजपुरी सेंसेशन कही जाने वाली नीलम गिरी ने अपनी अदाओं से इस गाने को और भी ज्यादा खास बना दिया है। गाने की शुरुआत में आप देखेंगे कि हाथ में बंदूक लिए पवन सिंह सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं, उसी दौरान नीलम डोली से उतरती हुई दिखाई देती हैं।

## जूलिया का जलवा

अभिनेत्री और लेखिका जूलिया फॉक्स ने जिम और सड़कों के लिए बने एलिवेटेड एथलीजर ट्रेंड को अपना कर सनसनी मचा दी। लॉस एंजिल्स में इंडी स्पिरिट अवार्ड्स में भाग लेने के लिए निकलीं जूलिया फॉक्स ने ऐसा पहनावा पहना था जो ऐसा लग रहा था जैसे उन्हें दोपहर 3 बजे जिम में एक्सरसाइज करना है। जबकि शाम 6 बजे तक रेड कार्पेट पर होना है। जूलिया ने न्यूयॉर्क स्थित डिजाइनर विली चावरिया के एडिडास के साथ एक विशाल पफ्ड स्लीव्स वाली ब्लैक ट्रैक जैकेट और मैचिंग प्लीटेड स्कर्ट पहनी थी। उन्होंने अपने लुक को फ्यूचरिस्टिक ब्लैक सनग्लासेस और नुकीले बूट्स के साथ पूरा किया।

लाइफ स्टाइल



# चेहरे की चमक को कई गुना बढ़ा देगा चावल इसके उपयोग का तरीका भी है बेहद आसान

यदि आप भी कोरियन ग्लास स्किन पाना चाहते हैं तो इसमें सिर्फ चावल आपकी मदद कर सकता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

अपने चेहरे को चमकाने के लिए लोग न जानें कितने स्किन केयर ट्रीटमेंट ट्राई करते हैं। हर तरह की स्किन के लिए अलग अलग तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट बाजार में मिलते हैं। जिनके इस्तेमाल से चेहरा एकदम खिल जाता है। बावजूद उन चीजों के बहुत से लोगों के चेहरे पर कुछ खास असर नहीं दिखता।

इसी के चलते हम आपको एक ऐसी सस्ती चीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ चावल की जरूरत पड़ेगी। चावल के इस्तेमाल से आप अपनी स्किन को ग्लॉस स्किन बना सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व चेहरे की डीप क्लींजिग करके उसे एकदम चमका देते हैं। तो आइए आपको भी बिना देर किए हुए चावल का इस्तेमाल करना बताते हैं, ताकि आपका



चेहरा एकदम खिल उठे।

### कैसे करें इस्तेमाल ?


इस नुस्खे को आजमाने के लिए आपको सिर्फ चावल और पानी की जरूरत पड़ेगी। तो सबसे पहले अच्छी क्वालिटी के चावलों को एक कटोरी में निकाल लें। अब इस कटोरी में पानी डालकर इसे रात भर के लिए ढक के रख दें। रातभर इसे ऐसे ही रखे रहने दें, ताकि चावल अच्छी तरह से फूल जाए।

अगले दिन जब चावल फूल जाए तो इसे छान लें। चावलों को छानने के बाद इसी बारीक पीस लें। जब ये अच्छी तरह से पिस जाए तो इसे एक कांच के जार में स्टोर करके रख लें। ध्यान रखें कि ये चावल एकदम महीन होना चाहिए, वरना चेहरा छिल जाएगा।

### अप्लाई करने का तरीका

अब पिसे हुए इन चावलों को आपको अपने चेहरे पर अप्लाई करना है। इसके लिए सबसे पहले तो किसी अच्छे क्लींजर की मदद से अपने चेहरे को साफ कर लें। गंदे चेहरे पर यदि आप इसे अप्लाई करेंगे तो इसका ज्यादा फर्फ देखने को नहीं मिलेगा। ऐसे में चेहरे को साफ करने के बाद इन पिसे हुए चावलों को हर रोज रात में सोने से पहले चेहरे पर लगा लें। आधे घंटे के बाद चेहरे को साफ कर लें। यदि आप नियमित रूप से चावलों को चेहरे पर इस्तेमाल करेंगे तो इससे चेहरे के दाग-धब्बे अपने-आप ही साफ हो लगेंगे। इससे चेहरे पर आयीं झुर्रियों को भी कम करने में मदद मिलती है।

# इस तपिश भरे मौसम में प्रिंट वाले कपड़े खूब जमेंगे आप पर



गर्मियों का मौसम आते ही लोग इस सोच में पड़ जाते हैं कि वो कैसे कपड़े पहनें, जिसे पहनकर उनका लुक भी स्टाइलिश लगे और गर्मी भी न लगे। ऐसे में इस मौसम में ज्यादातर सभी को कॉटन, लिनेन और शिफॉन फैब्रिक के कपड़े पहनना पसंद आता है। पर, इन फैब्रिक में ज्यादा स्टाइलिश कपड़े ढूंढ पाना एक कठिन काम होता है।



इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे प्रिंट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आप गर्मी के मौसम में कैरी कर सकते हैं। ये प्रिंट्स गर्मियों के हिसाब से हल्के कपड़ों पर ही डिजाइन किए जाते हैं। तो यदि अब आप शॉपिंग करने जा रहे हैं, तो फटाफट से इन प्रिंट्स को भी खरीदकर रख लें।

### फ्लोरल प्रिंट

गर्मी का मौसम ऐसे कपड़े पहनने का होता है, जो देखने में आंखों को भी राहत पहुंचाएं। ऐसे में फ्लोरल प्रिट से बेहतर आपके लिए कुछ हो ही नहीं सकता। ज्यादातर फ्लोरल प्रिंट के कपड़े काफी हल्के रंगों में ही होते हैं, जो देखने में काफी प्यारे लगते हैं। इस मौसम में फ्लोरल कुर्तियां, मैक्सी ड्रेस या स्कर्ट्स बहुत अच्छे लगते हैं। लड़के भी फ्लोरल शर्ट कैरी कर सकते हैं।

### टाई एंड डाई प्रिंट

ये प्रिंट ज्यादातर शिफॉन फैब्रिक के कपड़ों पर ही होता है। इसलिए आप इसे गर्मी के मौसम में भी कैरी कर सकते हैं। शिफॉन के साथ-साथ कॉटन और लिनेन फैब्रिक के कपड़े पर भी ये प्रिंट काफी कमाल का लगता है। महिलाएं इस फैब्रिक की साड़ी काफी मन से पहनती हैं, वहीं लड़कों पर इस प्रिंट के कुर्ते खूब जचते हैं।

### ब्लॉक प्रिंट्स

आजकल ब्लॉक प्रिंट्स के सूट और कुर्ते काफी कमाल के लगते हैं। ब्लॉक प्रिंट्स ज्यादातर काफी हल्के फैब्रिक जैसे कि कॉटन और लिनेन पर किया जाता है, जिस वजह से ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं।

# धूप से चेहरा हो गया है लाल तो ऐसे पाएं राहत, ये नुस्खे आएंगे काम

मई के महीने में जब पारा 40 के पार जा रहा है, तो सेहत के साथ-साथ त्वचा का ध्यान रखना भी जरूरी हो जाता है। इस मौसम में टैनिंग के साथ-साथ कई बार धूप की वजह से चेहरा एकदम लाल हो जाता है, जिसपर खुजली के साथ-साथ जलन भी मचती है। यदि चेहरे इस लालिमा का इलाज सही समय पर न किया जाए तो दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर के पास तक जाना पड़ता है। इसी परेशानी को देखते हुए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप चेहरे की जलन से राहत पा सकते हैं।



### कच्चा दूध आएगा काम

यदि आपका चेहरा धूप की वजह से काफी लाल हो गया है तो कच्चा दूध आपको इस परेशानी से राहत दिलाएगा। इसके लिए सबसे पहले तो कच्चा दूध एक कटोरी में ले लें। अब इसे रुई की मदद से पूरे चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे इसे ऐसे ही लगा रहने दें। कच्चा दूध आपके चेहरे को गर्मी से राहत दिलाएगा, साथ ही में इसकी मदद से टैनिंग से भी छुटकारा मिलेगा।

### खीरा का रस कर सकते हैं इस्तेमाल

गर्मी के मौसम में बाजार में खीरे बेहद कम दाम में मिलते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल से भी आप चेहरे पर हुई रेडनेस से राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकालना है। अब इस रस को रुई की मदद से पूरे चेहरे पर लगाएं। इसे आप टोनर की तरह स्प्रे भी कर सकते हैं। प्रतिदिन इसका इस्तेमाल करें और अपनी परेशानी से राहत पाएं।

# वट सावित्री व्रत की पूजा में पहनकर बैठें लेटेस्ट डिजाइन के बैंगल्स और चूड़ियां

वट सावित्रि पूजन के लिए आपको यहां चूड़ियों को कंगनों का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। कांच से लेकर कुंदन वाले तक कंगन और चूड़ी आप पूजा के दिन खूबसूरत अंदाज में कैरी कर सकती हैं। ये चूड़ियां और कंगन बाद में भी आपके काम आएंगे, इसलिए इसे आप आराम से रख भी सकती है।

### वेलवेट चूड़ियों के साथ पर्ल कंगन

रॉयल और सिंपल लुक कैरी कर रही हैं तो वेलवेट फैब्रिक लगी चूड़ियां पूजा के लिए खरीदें। इसके साथ यदि आप पर्ल वाले कंगन खरीदेंगी तो आपका लुक ज्यादा प्यारा दिखेगा। गोल्डन पर्ल का चयन अपनी साड़ी के हिसाब से ही करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### कांच की चूड़ियों के साथ पतले कड़े

कांच की चूड़ियां तो सुहाग की निशानी होती है। ऐसे में वट सावित्री की पूजा में कांच की चूड़ियों को पहनकर बैठें। इसकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप हल्के और पतले वाले कड़े कैरी कर सकती हैं।



कड़े चूड़ियों की मैचिंग के ही हों, तो लुक ज्यादा प्यारा दिखेगा।

### कुंदन जड़ा सेट

बहुत सी महिलाएं ज्यादा हैवी ज्वेलरी नहीं पहनती हैं। ऐसे में आप चाहें तो ऐसा कुंदन जड़ा सेट कैरी कर सकती हैं। ये नयी-नवेली दुल्हनों पर काफी प्यारा लगता है। चाहें को इसे कांच की चूड़ियों के साथ सेट करके अपनी खूबसूरती को दोगुना कर लें।

कार्नर न्यूज

## इस मौसम में शॉपिंग करें, लेकिन रखें खुद का खयाल

# गर्मियों के लिए शॉपिंग करने जा रहे हैं तो इन बातों का ध्यान रखें, वरना होंगे परेशान

मई का महीना है और गर्मी की वजह से लोगों की हालत खराब है। कई जगहों पर पारा 42 डिग्री तक पार कर गया है। इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोगों ने दिन के समय घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है। डॉक्टर्स इस मौसम में हमेशा हल्के कपड़े पहनने की सलाह देते हैं।

यदि आप भी समर शॉपिंग के लिए जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। क्योंकि यदि आप गलत कपड़े पहनकर इस भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलेंगे तो इससे स्किन संबंधी परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में अपने लिए कुछ बातों को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करें, ताकि आपका लुक भी एकदम परफेक्ट दिखे और आपको कोई परेशानी भी न हो।

### सही फैब्रिक हो

यदि आप शॉपिंग करने जा रहे हैं तो ये बात ध्यान रखें कि इस मौसम में हमेशा हल्के फैब्रिक वाले कपड़े ही कैरी करने चाहिए। इनमें कॉटन, लिनन, खादी जैसे फैब्रिक शामिल हैं। ये पसीना जल्दी सोखते हैं और



शरीर को ठंडा रखते हैं। इस दौरान नायलॉन, पॉलिएस्टर जैसे कपड़े तो कतई न खरीदें। ये पसीना नहीं सोखते हैं, जिस कारण स्किन पर घमौरियां होने लगती हैं।

### सही हो रंग

गर्मी के मौसम में हल्के रंगों का ही चयन करें, क्योंकि ये रंग ठंडक का एहसास कराते हैं। खासतौर पर सफेद, बेबी पिंक, पेस्टल ब्लू, लाइट येलो जैसे रंग गर्मी के मौसम में सबसे परफेक्ट माने जाते हैं। जो डार्क रंग होते हैं, उन्हें पहनकर गर्मी ज्यादा लगती है, इसलिए इनसे दूर रहें।

### सही फिटिंग हो जरूरी

इस मौसम में गलती से भी ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। कपड़े पहनते समय इसकी फिटिंग चेक करें, कि कहीं ये टाइट तो नहीं है। इस मौसम में हमेशा लूज और फ्लोई आउटफिट्स में आराम मिलता है। ये त्वचा को सांस लेने का मौका प्रदान करते हैं।

### फुल हो स्लीव



आप कितना भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लें, लेकिन धूप की हानिकारक किरणें त्वचा को डैमेज कर ही देती हैं। इसलिए कोशिश करें कि जो भी कपड़े खरीदें, वो फुल स्लीव के ही हों।

### ऐसे होने चाहिए फुटवियर

गर्मियों के मौसम में जूते पहनने से बचें। इस सीजन में सैंडल, स्लिपर्स, क्रॉक्स जैसे ओपन फुटवियर पहनना बेहतर होता है। जो फुटवियर खुले होते हैं, उनकी वजह से पैरों को हवा मिलती रहती है। जिस कारण पैरों में पसीना कम आता है।

### एक्सेसरीज को भी करें शामिल

अपने समर लुक की शॉपिंग करने जा रहे हैं तो कुछ एक्सेसरीज को भी अपने लुक में शामिल करें। सनग्लासेस, हैट या कैप आपके लुक को भी स्टाइलिश बनाते हैं और धूप से भी बचाते हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल करें। इन्हें अपने बैग में हमेशा रखें।